वर्ष- 21 अंक - 210 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 13 जनवरी 2026

# ट्रंप ने फिर फोड़ा टैरिफ बम

## ईरान के साथ कारोबार करने वाले मुल्कों पर लगाया 25प्रश टैक्स

## भारत पर अब लगेगा 75 प्रतिशत टैरिफ?



वॉशिंगटन ● एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की कमर तोड़ने के लिए उसके साथ कारोबार करने वाले मुल्कों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप ने कहा कि जो भी देश ईरान के साथ कारोबार कर रहे हैं, उन्हें 25प्रश टैरिफ देना होगा। अमेरिका पहले ही रूस से तेल खरीदने से जुड़े मामलों में भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा चुका है। ऐसे में अब ईरान के साथ व्यापार करने पर भारत पर 25 प्रतिशत का एक्स्ट्रा टैरिफ लगता है तो ये कुल 75 प्रश हो जाएगा। हालांकि भारत का ईरान से तेल आयात 2019 से ही बंद है, लेकिन इसके अलावा कई चीजों का आयात-निर्यात जारी है। ईरान को भारत से पहुंचाए जाने वाले प्रमुख सामानों में चावल, चाय, चीनी, दवाइयां, कृत्रिम फाइबर, विद्युत मशीनरी और आर्टिफिशियल ज्वेलरी शामिल हैं। जबकि ईरान से भारत आने वाले सामानों में सूखे मेवे, अकार्बनिक/कार्बनिक रसायन के साथ ही कांच के बर्तन सबसे आगे हैं।

## अमेरिका ने अपने नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने का दिया आदेश

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ईरान को लेकर करीब-करीब वॉर मोड में आते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक आपातकालीन सुरक्षा अलर्ट जारी कर सभी अमेरिकी नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने का निर्देश दिया है। यह कदम ईरान में पिछले दो हफ्तों से जारी भीषण विरोध प्रदर्शनों और सुरक्षा बलों की घातक कार्रवाई के बाद उठाया गया है, जिसमें अब तक 600 से ज्यादा लोगों की मौत और हजारों की गिरफ्तारी की खबरें हैं। तेहरान के हॉस्पिटल के सामने लाशों का ढेर लगा है, जहां लोग अपने परिजनों को तलाश रहे हैं।

## आज राहुल के साथ होगी सिद्धारमैया और शिवकुमार की बैठक

**मैसूर.एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज कर्नाटक के दौरे पर रहेंगे। वो दोपहर ढाई बजे मैसूर पहुंचेंगे। मैसूर एयरपोर्ट पर सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार उनका स्वागत करेंगे। यहीं पर इन दोनों नेताओं के साथ राहुल गांधी की बैठक होगी। ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धारमैया व शिवकुमार के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही है। राहुल गांधी के साथ इन दोनों नेताओं की आज पहली बैठक होगी।

## बिना सीएम चेहरे के पंजाब में चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

**चंडीगढ़.एजेंसी।** पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने सीएम चेहरे को लेकर बड़ा फैसला किया है। कांग्रेस बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के अनुसार चुनाव जीतने के बाद हाई कमान मुख्यमंत्री तय करेगी।

## वियतनाम में देखे गए राहुल गांधी ट्रैवल ब्लॉगर से हुई मुलाकात



नई दिल्ली ● एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अचानक गायब हो जाते हैं और विदेश चले जाते हैं। वे कहां जाते हैं इसके बारे में अटकलें लगती रहती हैं, लेकिन इस बार वे वियतनाम में देखे गए। वियतनाम के हनोई एयरपोर्ट पर ट्रैवल ब्लॉगर दक्ष अपने अगले पड़ाव के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट का इंतजार कर रहे थे, तभी उनकी नजर राहुल गांधी पर पड़ी। दक्ष एयरपोर्ट पर न सिर्फ राहुल गांधी के साथ एक ही लाउंज में मौजूद थे, बल्कि दोनों एक ही फ्लाइट से सफर कर रहे थे। इस अप्रत्याशित मुलाकात से हैरान दक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर तस्वीरें और एक छोटा वीडियो साझा किया, जिसमें बैकग्राउंड में राहुल गांधी नजर आ रहे हैं और दोनों एयरपोर्ट पर साथ चलते दिखते हैं। दक्ष ने बताया कि राहुल गांधी ने उनसे संक्षिप्त और बेहद सहज बातचीत की और उनकी टोपी की तारीफ करते हुए कहा कि यह उन पर अच्छी लग रही है। राहुल गांधी की वियतनाम यात्रा को लेकर बीजेपी ने तीखा हमला बोला है। बीजेपी ने कहा है कि राहुल गांधी हमेशा छुट्टी के मूड में रहते हैं और अहम राष्ट्रीय मुद्दों के समय विदेश चले जाते हैं।

## बीजेपी मुख्यालय पहुंचे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता



नई दिल्ली ● एजेंसी

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के अंतरराष्ट्रीय विभाग की उप मंत्री सुन हैयान के नेतृत्व में एक डेलिगेशन ने दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय का दौरा किया। इस मीटिंग में बीजेपी महासचिव अरुण सिंह के नेतृत्व वाले डेलिगेशन ने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के साथ पार्टी-टू-पार्टी संचार को आगे बढ़ाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग भी चीनी डेलिगेशन के साथ मौजूद रहे।

## भारत ने जिस जेएफ-17 को मार गिराया था, उसे ठिकाने लगा रहा पाक

**मंगलवार.एजेंसी।** चीन की मदद से लड़ाकू विमान बना रहा पाकिस्तान अब इसे दूसरे देशों को बेचने के लिए छटपटा रहा है। बांग्लादेश के बाद अब पाकिस्तान जेएफ-17 को लेकर इंडोनेशिया के साथ डील करने वाला है। बताया जा रहा है कि लड़ाकू विमान की खरीद को लेकर इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री और पाकिस्तानी वायुसेना चीफ के बीच एक बैठक हुई है। इस बैठक में जेएफ-17 और किलर ड्रोन को लेकर बातचीत की गई। ये वही जेएफ-17 है, जिसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने मार गिराया था।



## 20 को पदभार संभालेंगे भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर नितिन नबीन 20 जनवरी को पदभार संभालेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। इनमें मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य शामिल होंगे। नितिन नबीन अभी बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। खरमास समाप्त होने के बाद नबीन बीजेपी के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की जगह लेंगे। नड्डा पार्टी के सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहने वाले दिग्गजों में से एक हैं।

## टैरिफ बम से धड़ाम हुआ शेयर बाजार

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई शेयर बाजार आज तूफानी तेजी के साथ खुला, लेकिन कुछ ही देर बाद यह तेजी बड़ी गिरावट में तब्दील हो गई। खुलने के बाद सेंसेक्स 300 अंक उछला था, लेकिन एक ही झटके में 250 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। यही हालत निफ्टी का हुआ। ज्ञात रहे कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के साथ कोराबार करने वाले देशों पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाने का ऐलान किया है जिसका असर शेयर बाजार पर पड़ा।

## इस बार राज्यसभा नहीं जाएंगे दिग्विजय सिंह, मप्र में फुलटाइम एक्टिव होंगे

**भोपाल.एजेंसी।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के सीनियर लीडर दिग्विजय सिंह का राज्यसभा का कार्यकाल तीन महीने बाद 9 अप्रैल को खत्म हो रहा है। वे दूसरी बार के राज्यसभा सांसद हैं। अब तीसरी बार वे राज्यसभा नहीं जाएंगे। सूत्रों की मानें तो वे अब मध्यप्रदेश की राजनीति में फुलटाइम एक्टिव होंगे। ऐसे में दिग्विजयसिंह की जगह कमलनाथ या अरुण कमलेश्वर राज्यसभा जा सकते हैं।

## बंगाल में दो नर्सों में निपाह वायरस मिला, हालत गंभीर

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के दो संदिग्ध मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी के अनुसार उत्तर 24 परगना जिले के बारासात स्थित एक निजी अस्पताल में काम करने वाले दो नर्सों में निपाह वायरस के लक्षण पाए। दोनों की हालत गंभीर है।

# कांग्रेस की रणनीति के कारण उमड़ी भीड़

## कांग्रेस की जांच समिति का विरोध भाजपाइयों ने किया था उसी से थे कांग्रेसी आक्रोशित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मृत्यु और लोगों की बड़ी संख्या में बीमार होने के मुद्दों को कांग्रेस ने शुरू से ही विरोध के स्वर के साथ उठाया था। शहर कांग्रेस ने योजनाबद्ध तरीके से यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार को दी थी। इस रणनीति का असर यह हुआ कि सीधे जीतू पटवारी और उमंग सिंघार भी इस मुद्दे पर इंदौर आकर कांग्रेसियों का हौंसला बढ़ाते रहे। कांग्रेस ने रणनीति के तहत योजनाबद्ध कार्य कर चरणबद्ध आन्दोलन भी किए। कांग्रेस के आन्दोलन ने जोर भी पकड़ा और प्रदेश कांग्रेस की जांच समिति जब भागीरथपुरा पहुंची थी तब भाजपाइयों ने इस समिति का विरोध किया था और कांग्रेसियों को जेल तक जाना पड़ा था। कांग्रेसियों का कहना है कि हम उसी कारण ज्यादा आक्रोशित थे कि हम पीड़ित परिवारों से मिलने और दुःख की घड़ी में लोगों के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने भी नहीं जा सकते थे क्या। इसी के बाद शहर कांग्रेस ने जो बड़े नेता जिस वार्ड में रहते हैं उन्हें प्रभारी बनाकर शहर के 85 वार्डों में श्रद्धांजलि सभा और कैंडल मार्च का आयोजन किया, हर वार्ड में कांग्रेस ने बैठक भी आयोजित की। इससे कांग्रेसियों में हौंसला बढ़ा और कांग्रेसियों का कारवां बढ़ता चला गया और कांग्रेसी एकजुट होते चले गए। पटवारी ने इंदौर रहकर कांग्रेसियों का हौंसला बढ़ाया, जिले की विधानसभाओं में बैठक भी ली। इधर उमंग सिंघार और जीतू पटवारी भागीरथपुरा भी कांग्रेसियों के साथ पहुंचे थे। वहां भी कांग्रेसियों के समूह को भागीरथपुरा में अन्दर नहीं जाने दिया गया। केवल 10 कांग्रेसी उमंग सिंघार और जीतू पटवारी सहित अन्दर गए थे और उसके बाद सिंघार ने इंदौर में दूसरे दिन भी मोर्चा संभालकर विधानसभा प्रभारियों से दूषित जल एकत्रित करने के लिए कहा था और खुद शहर की विधानसभाओं में पहुंचकर वॉटर ऑडिट करते रहे, दूषित पानी के सैम्पल भी भरे और कहा कि वे इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे। रैली में भी कांग्रेसी उमंग सिंघार को पसंद करते रहे और उनके साथ फोटो-सेल्फी खिचाते रहे। कांग्रेस की रणनीति लगातार कामयाब होती चली गई। कांग्रेसियों को भागीरथपुरा में हो रही लगातार मौत के बाद बैठे बैठाए मुद्दे भी मिलते रहे। कल भी एक मृत्यु के बाद मौत का आंकड़ा 23 तक पहुंच गया। अब देखना होगा कि कांग्रेस ने न्याय यात्रा के रूप में बड़ा मार्च निकालकर उपलब्धि तो हासिल कर ली, लेकिन कांग्रेस अब आगे क्या करती है, क्या रणनीति बनाती है और उसे रोड पर लाकर किस तरह संगठन के हित में काम करती है। अभी कांग्रेस से आम लोग दूर है। न्याय यात्रा में भी भागीरथपुरा तक के लोग नहीं जुड़े थे। इसलिए कांग्रेस को ऐसे काम करना होंगे कि एक तरफ संगठन मजबूत हो और दूसरी तरफ आम लोगों का विश्वास कांग्रेस के साथ आए और आम लोग कांग्रेस के साथ खड़े नजर आए, वह इस न्याय रैली में कहीं नजर नहीं आया। अभी भी कई लोग इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती है, तो कुछ लोग घर में ही अस्पताल से आकर आराम कर दवाइयां ले रहे हैं। कई लोगों को दूषित पानी से परेशानियां पैदा हुई। कई लोगों को सीधा असर किडनी पर हुआ। सूत्रों का यह भी कहना है कि यह इन्फेक्शन जिसको हुआ है वह आसानी से अभी खत्म नहीं हो रहा है, भागीरथपुरा की पूरी स्थिति कब तक सुधरेगी यह भी कहा नहीं जा सकता है। अभी भी शासन, प्रशासन, नगर निगम और राजनेताओं के लिए भागीरथपुरा मुद्दा और हालात चुनौती बनी हुई है। मुख्य भूमिका विपक्ष में बैठी कांग्रेस की है कि वह अब किस तरह से मुद्दे उठाती है।

## कांग्रेस प्रभारी होटल में रहे, लेकिन बैठक नहीं की

### जिसको मिलना था वे वहां समय लेकर पहुंचे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भागीरथपुर में दूषित पानी से बड़ी संख्या में मृत्यु के मामले पर कांग्रेस ने 11 जनवरी को न्याय यात्रा बड़ा गणपति से राजवाड़ा तक निकालकर सभा भी आयोजित की थी। रैली और सभा में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी भी मौजूद रहे थे। वैसे तो चौधरी तीन दिन पहले ही इंदौर आ गए थे और वे होटल रेडिसन में रूके रहे। होटल में समय लेकर कांग्रेसी उनसे मिलते रहे। कांग्रेसियों का दर्द यह है कि प्रदेश कांग्रेस के जवाबदार प्रभारी हरीश चौधरी ने इन तीन दिनों में गांधी भवन में कोई बैठक में शिरकत नहीं की। उन्होंने वरिष्ठ नेताओं के अलावा मोर्चा संगठन पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक, मंडलम के पदाधिकारी, पार्षद से बैठक लेकर न्याय यात्रा में भीड़ लाने के लिए देने वाले दिशा निर्देश के लिए कोई बैठक आयोजित नहीं की। कांग्रेस के सोशल मीडिया पर भी चर्चा चल रही है और कांग्रेसी सूत्र भी यह कह रहे हैं कि यह तो अच्छा हुआ कि भीड़ अच्छी थी और किसी तरह की दिक्कत नहीं आई। कांग्रेसियों ने यह भी बताया कि पहले के प्रदेश कांग्रेस प्रभारी बडे आयोजनों में कांग्रेस नेताओं को बीच रहते थे, फीडबैक लेते थे। प्रभारी हरीश चौधरी ने फीडबैक भी नहीं लिया और ना ही कोई संवाद किया, ना ही कोई दिशा-निर्देश दिए।



## मंत्री पहुंचे विधायक के यहां सांत्वना देने

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पूर्व गृह मंत्री और विधायक बाला बच्चन के निवास राजपुर पहुंचे, उनकी बेटी की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। दिवंगत के चित्र पर पुष्पांजलि भी की गई।



## पूर्व केन्द्रीय मंत्री को याद किया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और समाजसवादी विचारक रहे शरद यादव की पुण्यतिथि अवसर पर इंदौर में भी सत्य शोधक समाज ने पुष्पांजलि का आयोजन किया। कार्यक्रम में समाजसेवियों का सम्मान भी किया और भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से मृत हुए लोगों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। विजय यादव, कल्लू भाई का सम्मान भी किया गया। सदाशिव यादव काका, हुकुमचंद



जादम सेनी, राजेश यादव, फादर पायस, हीरालाल वर्मा, राधेश्याम, डॉ. सरदार सिंह कायस, पप्पू साहू, जितेंद्र सिंह यादव, राहुल मांडले, तुलसीराम, सुल्ताने, सरदार वर्मा, मनोज सवालिया, आनंद नंदवाल, रमेशचंद्र खारवाल, विजेंद्र यादव, ओमप्रकाश यादव, योगेंद्र यादव मौजूद थे।

## कांग्रेस ने किया परिवारवाद पर पलटवार

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने बयान जारी कर कहा कि मंत्री तुलसीराम सिलावट ने ग्वालियर दौरे के दौरान कांग्रेस पर परिवारवाद का कीचड़ उछालने की कोशिश की जिसे चौरासिया ने मंत्री की हताशा बताया। चौरसिया ने कहा कि परिवारवाद का काम सिंधिया परिवार करता है, पहले आईना देखना चाहिए और सिंधिया का इतिहास भी पढ़ना चाहिए, खुद ज्योतिरादित्य सिंधिया जिनका राजनीतिक करियर राजघराने की विरासत पर टिका है, न कि जनसंघर्ष पर। भाजपा का आंगन तो परिवारवाद के कीचड़ से सना पड़ा है—पहले खुद को साफ करें! जो खुद राजघाराने की सेवा मे दिन रात लगे रहते है वह कांग्रेस पर कीचड उछाल रहे। चौरसिया ने कई तरह के आरोप भी लगाए।

## स्वाभिमान पर्व पर रुद्राभिषेक व महाआरती

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर कांटाफोड़ महादेव मंदिर पर रुद्राभिषेक और महाआरती का आयोजन किया गया। विधायक गोलू शुक्ला, पार्षद मृदुल अग्रवाल, अरुण पेंढारकार, राजेन्द्र केलोनिया, शिव वर्मा, बंटी वर्मा, कैलाश यादव, पारस खिंची, कालू अग्रवाल, संदीप गोयल, राहुल राणे, संजय कौशिक, शिव कौल मौजूद थे।



## भाजपाइयों की चायनीज डोर से दूर रहने की सलाह

### अगर कोई उपयोग कर रहा है तो पुलिस को दे सूचना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पुलिस प्रशासन द्वारा चाइनीज डोर की ड्रोन से धरपकड़ कर प्रकरण दर्ज करने के साथ खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के दावों की पोल खुल गई। जब एक की मौत व दो घायल हैं। एम.आई.सी.मेंबर व राजेश उदावत, भाजपा नेता शैलेन्द्र महाजन ने बताया कि एक ही दिन में रविवार शहर में हुई अलग अलग घटनाओं में रघुवीर धाकड़ खजराना से बंगाली चौराहा की ओर जाते वक्त चायनीज डोर से गला कटने से मौत हो गई वहीं अन्य स्थान पर चायनीज़ मांझा से नरेंद्र जामोद,आशीष रघुवंशी घायल हो गए। उदावत व महाजन ने बताया कि प्रदेश के कई जिलों में हादसों के बाद मध्य प्रदेश सरकार ने सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधिकारियों को चाइनीज डोर के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने कुछ दिन तो सख्ती दिखाई।ड्रोन सर्वे से चायनीज डोर से पतंग उड़ानें वालो और मांझा बेचने वालो की धरपकड़ कर प्रकरण दर्ज करने के बाद भी शहर के छत्रीपुरा, मेवाती मोहल्ला, काछी मोहल्ला,मालवा मिल, खजराना, तिलक नगर, कनाडिया रोड़ में चाइनीज डोर की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। चायनीज डोर पर प्रतिबंध सिर्फ कागजों तक सीमित है,ड्रोन को भी दिखावे के लिए उड़ाया जा रहा है और सड़कों पर मौतें हो रही हैं। उदावत व महाजन ने थाना तिलक नगर क्षेत्र में हुई घटना के बाद थाना प्रभारी मनीष लोधा से बात कर बंगाली ब्रिज और पिपलियाहाना ब्रिज पर तार बांधे जाए। वही थाना क्षेत्र में पुलिस जवान चायनीज डोर से घरों की छत पतंग उड़ाने वालों की डोर को चैक करे।चयनीज़ डोर मिलने पर गिरफ़्तार कर प्रकरण दर्ज करे।साथ ही सभी रहवासियों व भाजपा कार्यकर्ताओं से अपने आसपास चायनीज डोर से पतंग उड़ाने वालों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की है।

# श्वान हत्या के बाद बवाल, रात में आरोपी के घर पहुंचे एनजीओ कार्यकर्ताओं ने की तोड़फोड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





**विजयनगर थाना क्षेत्र में एक श्वान की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या करने के मामले ने अब हिंसक मोड़ ले लिया है। श्वान की मृत्यु के वीडियो से आक्रोशित कुछ एनजीओ कार्यकर्ताओं ने कल देर रात आरोपी के घर पहुँचकर जमकर उत्पात मचाया और तोड़फोड़ कर दी। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई, जिसके चलते पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।**

बीते दिनों सी-21 मॉल के पास एक श्वान को बुरी तरह पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें श्वान की मृत्यु हो गई थी। वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी बलराम के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। हालांकि, इस घटना से गुस्साए एनजीओ कार्यकर्ता कल रात मालवीय नगर स्थित आरोपी के घर पहुँच गए। आरोप है कि कार्यकर्ताओं ने वहां पथराव और तोड़फोड़ की, जिससे आरोपी का परिवार बुरी तरह दहशत में आ गया।हंगामा बढ़ता देख मालवीय नगर के रहवासी भी सड़कों पर उतर आए और एनजीओ कार्यकर्ताओं की इस हरकत का कड़ा विरोध किया। सूचना मिलते ही विजयनगर पुलिस का भारी बल मौके पर पहुँचा और स्थिति को नियंत्रित किया। देर रात बड़ी संख्या में रहवासी थाने पहुँचे और कार्यकर्ताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह के मुताबिक, कानून को हाथ में लेने की अनुमति किसी को नहीं है। पुलिस ने एनजीओ कार्यकर्ताओं के खिलाफ तोड़फोड़ और उत्पात मचाने की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए हंगामा करने वालों की पहचान कर रही है। फिलहाल क्षेत्र में शांति है, लेकिन एहतियातन पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## भागीरथपुरा में हर नागरिक का स्वास्थ्य कार्ड बनाना शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा भागीरथपुरा में हर नागरिक का स्वास्थ्य कार्ड बनाने का काम कल से शुरू कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा हर घर पर जाकर उस घर में रहने वाले नागरिकों के नाम पूछ कर उनके हेल्थ कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस कार्ड में संबंधित व्यक्ति का नाम पिता का नाम उम्र पता के साथ में उसके स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। इसके लिए हर नागरिक का ब्लड प्रेशर और शुगर टेस्ट किया जा रहा है और उसका जो स्कोरबोर्ड आ रहा है उसे इस कार्ड में दर्ज किया जा रहा है।

## मानसिक चिकित्सकों का शिविर लगा दिया

कल स्वास्थ्य विभाग के द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र में मानसिक चिकित्सकों का शिविर लगा दिया गया। इस शिविर में इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को लाकर उनका परीक्षण कराया गया। कांग्रेस ने मानसिक चिकित्सकों से भागीरथपुरा के नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने पर आपत्ति ली है। कांग्रेस का कहना है कि यह कदम वहां के नागरिकों के लिए अपमानजनक है।

## कलेक्टर को कांग्रेस नेता ने पत्र लिखकर गांधी भवन का दिया न्यौता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने बताया कि उन्होंने कलेक्टर शिवम वर्मा को पत्र लिखा है और उस पत्र में भागरीथपुरा में दूषित जल के कारण हुई 23 निर्दोष लोगों की मृत्यु हुई वह गंभीर विषय है और इस घटना से इंदौर की छवि पर विपरित असर पड़ा है। मृतकों के परिजन और पीड़ितों को जो मुआवजा राशि दी जा रही है वह भी कम है। भागीरथपुरा में अभी भी हालात सामान्य नहीं हुए हैं। अभी भी लीकेज पूरी तरह पकड़ में नहीं आए हैं। देवेन्द्र यादव ने पत्र में कहा कि शहर और जिला कांग्रेस अध्यक्ष इसी गंभीर मुद्दे पर कलेक्टर से गांधी भवन में चर्चा करना चाहते हैं इसलिए आप गांधी भवन में आमंत्रित है। देवेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि उन्होंने पत्र में जिक्र किया कि हमने कलेक्टर से आग्रह किया है कि वे जिस तरह संघ कार्यालय में सौहार्द्रपूर्ण वातावण में गए थे उसी अनुसार गांधी भवन में आप आमंत्रित है। इसके लिए कलेक्टर गांधी भवन के लिए समय प्रदान कर दें। उक्त पूर्ण जानकारी कांग्रेस नेता देवेन्द्रसिंह यादव द्वारा दी गई।

## रिटायर्ड कर्मचारी रखने का विरोध

**देपालपुर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर परिषद देपालपुर में रिटायर्ड सफाई कर्मचारी को दोबारा कार्य पर रखने के मामले को लेकर सफाई कर्मियों में नाराजगी देखी जा रही है। इस संबंध में सफाई कर्मियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर परिषद अध्यक्ष के नाम आवेदन देकर आपत्ति दर्ज कराई है। यह भी कहा गया कि जो रिटायर हो गए उन्हें कार्य पर नियम अनुसार नहीं रखना चाहिए और अगर रखना है तो उसकी स्वीकृति सक्षम रूप से लेना आवश्यक है।

## कांग्रेस आज करेगी हर विधानसभा में सुन्दरकांड का पाठ

**कल से मतदाता सूची चेकिंग पर ध्यान, साथ में पानी का ऑडिट भी होगा, अध्यक्ष जाएंगे हर वार्ड में मिला है भोपाल से निर्देश**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी दिन भर धर्म का प्रचार करती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बजरंग बली की पतंग उड़वा रहे हैं, जो आपत्तिजनक है। कांग्रेस भाजपाइयों को सद्बुद्धि देने के लिए आज शहर की 6 विधानसभाओं में शाम 5 बजे से सुन्दरकांड पाठ कराएगी। इसके लिए विधानसभा के कांग्रेस प्रभारियों को सूचित कर दिया गया है और साथ में ब्लॉक अध्यक्षों को भी निर्देशित किया गया है कि वे कहा पर सुन्दरकांड पाठ करवा रहे हैं और किन-किन को सूचना दी गई है। सारी जानकारी अध्यक्ष चिंटू चौकसे के पास पहुंच रही है। चिंटू चौकसे ने बताया कि मतदाता सूची खंगालने का काम भी कांग्रेस कल से शुरू करेगी, उस पर भी कांग्रेस का पूरा ध्यान है। गलत नामों को कांग्रेस आपत्ति लेकर हटाएगी और छुटे हुए लोगों के नाम वैधानिक रूप से जुड़े इस पर भी कांग्रेस ध्यान देंगी। चौकसे ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने निर्देशित किया है कि शहर के 85 ही वार्डो के रहवासियों को शुद्ध जल मिले इसके लिए कांग्रेस प्रयास करें और जरूरत पड़े तो प्रदर्शन व आन्दोलन भी करें और जहां-जहां गंदा पानी आ रहा है वहां-वहां जल ऑडिट के बाद संबंधित झोन और निगम मुख्यालय के प्रमुख अधिकारियों को जानकारी देकर वहां लोगों को शुद्ध पानी मिलने की व्यवस्था कराई जाए। कांग्रेस इस मामले में लगातार विधानसभा स्तर से लेकर ब्लाक और सेक्टर स्तर पर भी फोकस कर कांग्रेसियों को लगाएगी। चौकसे ने कहा कि वे स्वयं हर वार्ड में वॉटर ऑडिट करने पहुंचेंगे कि जहां नर्मदा का जल आ रहा है वह वास्तव में पीने लायक है या पानी दूषित है और उसी के बाद अधिकारियों को बताया जाएगा कि कहां-कहां गंदा पानी वॉटर लाइन से पहुंच रहा है। चिंटू चौकसे ने कहा कि भागीरथपुरा मुद्दे पर भी कांग्रेस का पूरा ध्यान है और वहां भी कांग्रेसियों की निगाह लगी हुई है।

## रूफ टॉप सोलर का आंकड़ा 50 हजार पार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** केंद्र एवं राज्य शासन की सबसे ज्यादा प्राथमिकता वाले रूफ टॉप सोलर अभियान के क्रियान्वयन में पश्चिम क्षेत्र कंपनी ने मालवा निमाड़ क्षेत्र में आशातीत सफलता प्राप्त कर आंकड़ा 50 हजार 500 के पार कर लिया हैं। प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। अब तक 36000 से ज्यादा स्थानों पर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत संयंत्र स्थापित कर सौर ऊर्जा उत्पादन प्रारंभ किया जा चुका है। उपभोक्ताओं को सब्सिडी समय पर दिलाने के लिए दैनिक समीक्षा की जा रही है। वर्तमान में निम्न दाब के 49900 उपभोक्ताओं के यहां एवं उच्चदाब के 600 से ज्यादा उपभोक्ताओं के परिसरों में रूफ टॉप सोलर संयंत्र स्थापित है। कुल उत्पादन क्षमता 340 मैगावाट से ज्यादा है।

## काइट स्ट्रिंग सेफ्टी प्रोटेक्टर वितरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संस्था एस्ट्रो वीडी सोशल वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा काइट स्ट्रिंग सेफ्टी प्रोटेक्टर वितरण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यही है कि मकर संक्रांति पतंगोत्सव के दौरान पतंग की तेज डोर से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हो। आयोजन आज सुबह से दोपहर तक पलासिया चौराहा पर आयोजित किया जा रहा है। डोर का उपयोग और सावधानी भी बताई जा रही है।

## खतरनाक धागन से पतंग ना उड़ाए

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस नेता विजयकुमार देवड़ा ने पतंग शौकीनों से आग्रह किया कि वे खतरनाक धागनों से पतंग ना उड़ाए। देशी धागन का उपयोग कर पंतगोत्सव मनाए।

## वार्ड 73 में कई जगह गंदा पानी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस सेवादल से जुड़े जयपाल तलरेजा ने बताया कि वार्ड 73 खातीवाला टैंक, सैफीनगर, सिंधी कालोनी में नलों से गंदा पानी आ रहा है, स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हुई है, जगह-जगह कचरा फैला हुआ है। इस मामले में तलरेजा ने कहा कि पूर्व में विधायक मालिनी गौड़ को शिकायत की गई थी लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

## प्रीतम जन्मोत्सव का आयोजन होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सद्गुरु स्वामी प्रीतमदास का जन्मोत्सव गोविंदधाम पर तीन दिनों तक 15 से 17 जनवरी को मनाया जाएगा। बाहर से भी संतों का आगमन होगा। भक्त भी आएंगे। इंदौर की सत्संग द्वारा 11 जनवरी से लाड़ा सत्संग गोविंदधाम दरबार बीके सिंधी कालोनी में आयोजित किया जा रहा है, जो 14 जनवरी तक चलेगा। 15 से 17 तक अलग-अलग आयोजन होंगे। मुख्य आयोजन 17 जनवरी को होगा। इन तीन दिनों में सुखमणि साहेब का पाठ, सामूहिक यज्ञोपवित कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

## नकुल नाथ कल इन्दौर आकर राजपुर जाएंगे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पूर्व सांसद नकुलनाथ कल 14 जनवरी को सुबह 11:45 बजे इंदौर एयरपोर्ट पर आकर 1 बजे हेलीकॉप्टर से राजपुर पहुंचेंगे। वे विधायक बाला बच्चन की बेटी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचेंगे। नकुल नाथ 1:45 बजे राजपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा 2 बजे इंदौर पहुंचेंगे वहां से भी छिंदवाड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे। विनय बाकलीवाल ने उक्त जानकारी दी।

# निगम आयुक्त बोले 25 साल पुरानी लाइनों की जांच होगी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

भागीरथपुरा दूषित जल कांड के बाद नगर निगम ने इस में 20 किलोमीटर की लाइनें बदलने का काम शुरू कर दिया है। साथ ही निगम आयुक्त ने पूरे शहर के वॉटर और ड्रेनेज सिस्टम के लीकेज जांच करवाने का निर्णय लिया है। पूरे शहर में 25 साल पुरानी लाइनें बदलने के लिए सर्वे होगा। नगर निगम अमृत योजना-2 की डीपीआर में स्वीकृत नर्मदा और ड्रेनेज लाइनों को छोड़कर, अन्य लाइनों का सर्वे करेगा जो साल 2000 के पहले डाली गई थी। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि शहर के ड्रेनेज और सिस्टम को सुधरने के लिए अब निरंतर कार्य किया जाएगा। मेरे संज्ञान में पुराने क्षेत्र में 40 से 45 साल पुराने लाइनें भी आई है, लेकिन इन क्षेत्रों में पुरानी लाइनों से कोई समस्या नहीं है,लेकिन इनकी जांच करवाएंगे।

**अमृत योजना की डीपीआर में स्वीकृत लाइनों को अलग कर बनाएंगे योजना**

पूरे शहर की लाइनों की जांच के लिए दिशा निर्देश तय करके सर्वे क-राया जाएगा जिसके तहत अलग-अलग पैरामीटर्स तय किए जाएंगे। ऐसी ड्रेनेज और पेयजल लाइनें जहां से सबसे अधिक पानी की शिकायतें आती है, उन पर फोकस किया जाएगा। साथ ही लाइनें अमृत योजना-2 में स्वीकृत की जा चुकी उन्हें छोड़कर अन्य लाइनों पर ध्यान दिया जाएगा। साथ ही श्रमिक बस्तियों एवं पिछड़े इलाकों की लाइनों को चेक किया जाएगा। इसके बाद योजना बनाकर लाइनें बदलने का काम किया जाएगा। निगम आयुक्त सिंघन ने बताया कि हर मंगलवार को होने वाली जल सुनवाई मिलने वाली शिकायतों को आधार बनाया जाएगा। जिस क्षेत्र में बार-बार शिकायतें आएंगी वहां की लाइनें बदलनें पर भी काम किया जाएगा।

निगम आयुक्त ने बताया कि इंदौर शहर में वाटर सप्लाई का ऐसा सिस्टम खड़ा किया जाएगा जिसमें भागीरथपुरा जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो इसके लिए भारत के अन्य शहरों में ड्रेनेज और वाटर सप्लाई के क्षेत्र में किए गए काम का अध्ययन किया जाएगा विशेषज्ञों के सुझाव लिए जायेंगे। वर्तमान में जो अमृत योजना स्वीकृत हुई है उसके तहत निगम शहर में 300 किलोमीटर की नई लाइनें डालने इसके साथ 600 किलोमीटर की पुरानी लाइनें बदलने का काम होगा। इसके अलावा बचे हुए नेटवर्क में सर्वे कर योजना बनाई जाएगी। इसके अलावा शहर में नर्मदा कनेक्शन देने की प्रक्रिया में भी बड़े बदलाव होंगे। नगर निगम की प्राथमिकता नियमों का पालन एवं लाइनों को सु-रक्षित रखते हुए लोगों के घरों में पानी का कनेक्शन दिया जाए।

# गणतंत्र दिवस पर इंदौर की जेल से होंगे 11 कैदी रिहा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर इंदौर की जेल में बंद 11 कैदियों को रिहाई दी जाएगी। इसके विपरीत इंदौर की जेल से 64 कैदियों को रिहा करने का प्रस्ताव ना मंजूर हो गया है।

राज्य सरकार के द्वारा हर साल स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर अच्छे चाल चलन वाले कैदियों की सजा माफ करते हुए उन्हें रिहा करने का काम किया जाता है। इस कड़ी में इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर इंदौर से 75 कैदियों को रिहा करने का प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया था। इस प्रस्ताव पर राज्य सरकार के द्वारा कल फैसला ले लिया गया है। इस फैसले के अनुसार इंदौर की जेल में बंद कुल 11 क-ैदी रिहा किए जाएंगे। इसमें से दो कैदी खुली जेल के होंगे जबकि 9 कैदी जेल में बंद वाली स्थिति के होंगे।

**इंदौर के 64 कैदियों को रिहा करने का प्रस्ताव ना मंजूर**

पूरे प्रदेश से 481 कैदियों को रिहा करने का प्रस्ताव तैयार किया गया था जिसमें से सरकार के द्वारा केवल 87 कैदियों को रिहा करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। जबकि 394 कैदियों को रिहा करने के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया गया है। इस फैसले की जानकारी कल सभी जिले में जेल के अधीक्षक को भेजी गई सूचना में दी गई।

### क्यों नहीं रिहा हो पाएंगे कैदी

- ऐसे कैदी जो की सजा काट रहे हैं लेकिन इस सजा को चुनौती देते हुए उनके द्वारा अपील दायर की गई है और वह अपील किसी न्यायालय में लंबित है तो ऐसे कैदियों को रिहाई का लाभ नहीं दिया जाएगा।
- ऐसे कैदी जिन्हें की न्यायालय के द्वारा सजा सुनाए जाने के साथ-साथ उन पर आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है। इन कैदियों की ओर से जुर्माने की राशि जमा नहीं की गई है तो ऐसे कैदी भी रिहा नहीं किए जाएंगे।

# भागीरथपुरा में नल की लाइन में फिर मिले लीकेज

## आज किया जाना था नर्मदा का पानी सप्लाई, अब नहीं होगा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**भागीरथपुरा में इंदौर नगर निगम को नर्मदा की लाइन में एक बार फिर लीकेज मिल गए हैं। इसके परिणाम स्वरूप आज जो नर्मदा का पानी भागीरथपुरा में सप्लाई किया जाना था उस प्रस्ताव को रद्द कर दिया गया है।**

भागीरथपुरा में जब से दूषित जल सप्लाई हुआ है तब से अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है। 400 से ज्यादा लोग बीमार होकर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती हो चुके हैं। पिछले कई दिनों से नगर निगम के द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र में नर्मदा की लाइन से पानी का सप्लाई नहीं किया जा रहा है। इस पूरे क्षेत्र में लोगों की पानी की आवश्यकता की पूर्ति के लिए टैंकर लगा दिए गए हैं। इस टैंकर के माध्यम से लोगों को शुद्ध पानी पीने के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही नगर निगम की ओर से नर्मदा की लाइन को सुधारने और उसमें लीकेज ढूंढने का काम भी तेज गति से किया जा रहा है। कल सुबह नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा यह दावा किया गया था कि भागीरथपुरा क्षेत्र की नर्मदा की लाइन के लीकेज पूरी तरह से सुधार लिए गए हैं।

ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा यह फैसला लिया गया था कि आज मंगलवार को सुबह नर्मदा की लाइन से भागीरथपुरा के क्षेत्र में जलप्रदाय किया जाएगा। इस फैसले पर क्रियान्वयन करने के पहले ही नगर निगम के इंजीनियरों को भागीरथपुरा में नर्मदा की लाइन में और नए लीकेज मिल गए हैं। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि अभी सबसे पहले यह नए लीकेज सुधारने का काम किया जाएगा। जब यह लीकेज सुधर जाएंगे तो उसके बाद एक बार फिर लाइन की जांच करने का काम किया जाएगा। इसके बाद ही भागीरथपुरा में नर्मदा की लाइन से पानी सप्लाई किया जा सकेगा। अब लोगों के घर पर नल से पानी देने का काम संभव है कि 2 दिन बाद किया जाएगा।

# छावनी रोड तोड़ने की स्थिति का मौके पर जाकर लिया जायजा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**इंदौर नगर निगम के आयुक्त क्षितिज सिंघल ने छावनी रोड को तोड़कर कितना चौड़ा किया जाना है इसकी स्थिति का आज सुबह मौके पर जाकर जायजा लिया।**

आयुक्त हर दिन की तरह आज सुबह भी शहर में दौरे पर निकले। उन्होंने दौरे की शुरुआत मधु मिलन चौराहा से की। इस चौराहा का नगर निगम के द्वारा पिछले कई महीनो से लगातार विकास करने का काम किया जा रहा है। इस चौराहे का विकास ऐसा किया गया है कि यहां पर यातायात पूरी तरह से बिगड़ गया है। दिनभर में बीसियों बार गाड़ियां एक दूसरे से टकराती हुई नजर आती है। निगम के द्वारा यहां पर प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा की रोटरी को छोटा कर दिया गया है। सड़क को इस तरह से बनाया गया है कि वाहन चालक समझ ही नहीं पाते कि उसे अपनी गाड़ी लेकर किधर से किधर निकालना है। इस चौराहे पर जाकर आयुक्त के द्वारा वाहन की यातायात की स्थिति को देखा और समझा गया।

इसके बाद आयुक्त के द्वारा मधु मिलन चौराहा से लेकर अग्रसेन प्रतिमा चौराहा तक छावनी की रोड को चौड़ा करने और मास्टर प्लान के प्रावधान के अनुसार करने के बारे में मौके पर स्थिति को देखा गया। उन्हें अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर ने मौके की स्थिति की जानकारी दी और साथ में यह भी बताया कि क्षेत्र के नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस सड़क की चौड़ाई को कम कर बनाने की मांग की जा रही है। निगम इस मांग से सहमत नहीं है इस ी कारण से इस सड़क का निर्माण अभी तक नहीं हो सका है। आयुक्त ने यह जानकारी भी ली की मास्टर प्लान के अनुसार यदि सड़क का निर्माण किया जाता है तो सड़क के दोनों तरफ के मकान का कितना हिस्सा तोड़ना पड़ेगा।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**हीरानगर थाना क्षेत्र में एक 25 वर्षीय युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। कबीट खेड़ी इलाके में रहने वाले युवक ने बीती देर रात अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।**



मृतक की पहचान बंटी पिता पर्वत सिंह मेहरा (25), निवासी कबीट खेड़ी के रूप में हुई है। परिजनों ने जब बंटी को फंदे पर झूलते देखा, तो तुरंत उसे नीचे उतारा और आनन-फानन में एमवाय अस्पताल लेकर पहुँचे। हालांकि, वहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद बंटी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर हीरानगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिसके कारण आत्महत्या के ठोस कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि युवक के इस आत्मघाती कदम के पीछे की वजह साफ हो सके।

## पासी समाज का सम्मेलन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री पासी समाज उत्थान संगठन समिति के अध्यक्ष जगमोहन वर्मा एवं रमेशचंद्र कैथवास ने बताया कि समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन में बड़ी संख्या में प्रत्याशियों और परिजनों ने शिरकत की। कई रिश्तों पर बात चल रही है। शुभारंभ अवसर पर विधायक महेन्द्र हार्डिया, डॉ. रतनकुमार सरोज, सचिन्द्र बावरिया, दिलीप केथवास, राजेन्द्र गांगुली मौजूद थे। रमेश केथवास को पासी रत्न से सम्मानित किया गया। कई संकल्प भी दिलाए गए। युवक-युवतियों ने मंच से परिचय भी दिया। अमित पासी, इशिका बोरासी, चेतन केथवास, सौरभ केथवास, प्रिंस केथवास को प्रशस्ती पत्र दिए गए। जगमोहन वर्मा, रमेश चंद्र कैथवास, राजू बौरासी, महेश कैथवास गांधी, हेमलता मुन्ना बौरासी, कामिनी वर्मा, दीपक वर्मा, बलराम बौरासी, तपन वर्मा, राजेश वर्मा, अनिल बौरासी ने अपनी भूमिका इस सम्मेलन में निभाई।

# एक ही दिन में चाइनीज मांझे के 15 से ज्यादा केस दर्ज

**इंदौर।** शहर में 'मौत की डोर' बन चुके प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ इंदौर पुलिस ने अब तक का सबसे बड़ा संयुक्त अभियान चलाया है। एक ही दिन के भीतर शहर और ग्रामीण इलाकों के विभिन्न थानों ने कार्रवाई करते हुए 15 से अधिक एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस ने दुकानों, ठेलों और पतंगबाजी कर रहे लोगों के पास से भारी मात्रा में नायलॉन की डोर और चाइनीज चकरियां जब्त की हैं। लसूड़िया थाना पुलिस ने सबसे अधिक सक्रियता दिखाई और अलग-अलग मामलों में 6 आरोपियों को दबोचा। इनके कब्जे से 9 से लेकर 42 तक प्रतिबंधित चकरियां बरामद की गई हैं। वहीं तेजाजी नगर पुलिस ने ग्राम असरावद खुर्द से अर्पित साहू और मनोज राठौर की दुकान पर दबिश देकर उन्हें प्रतिबंधित डोर बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा।इसी तरह राजेंद्र नगर पुलिस ने प्रतीक सेतु ब्रिज और धनवंतरी नगर क्षेत्र में दबिश देकर श्याम नगवाडिया और महेश शर्मा के पास से 11 चकरियां जब्त कीं। एरोड्रम पुलिस ने उत्सव मकवाना से 3 रोल मांझा पकड़ा, वहीं मल्हारगंज में अमजद और संजय जैन की दुकानों से प्रतिबंधित डोर जब्त कर केस दर्ज किया गया। बाणगंगा, जूनी इंदौर , रावजी बाजार और चंदन नगर क्षेत्र में भी पुलिस ने पतंग उड़ा रहे और डोर बेच रहे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि यह अभियान मकर संक्रांति तक लगातार जारी रहेगा। अधिकारियों का कहना है कि यह मांझा न केवल इंसानों के लिए जानलेवा है, बल्कि मूक पक्षियों के लिए भी काल बन रहा है। पुलिस अब उन थोक व्यापारियों की भी कुंडली खंगाल रही है, जो चोरी-छिपे छोटे दुकानदारों को इस प्रतिबंधित सामग्री की सप्लाई कर रहे हैं। आने वाले दिनों में और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे और पकड़े जाने पर सीधी गिरफ्तारी की जाएगी।

## माता-पिता की कलम से

# नई पीढ़ी के नाम एक मार्मिक संदेश

पाश्चात्य संस्कृति, नाइट कल्चर और तेज रफ्तार गाड़ियों ने आज कई घरों के चिराग बुझा दिए हैं। मैं भी उन अभागे माता-पिता में से हूँ, जिसने अपना बेटा खो दिया। आज के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में नई पीढ़ी सप्ताहांत और संडे को सुकून के बजाय पार्टियों में गुजार रही है। रात-रात भर चलने वाली पार्टियाँ, शराब, तेज रफ्तार वाहन इन सबका खामियाजा आज हमारी युवा पीढ़ी को अपनी जान देकर चुकाना पड़ रहा है। लगभग रोज़ हम समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पढ़ते-देखते हैं कि सड़क दुर्घटनाओं में कितने ही नौजवान असमय इस दुनिया से चले गए। मैं आज की युवा पीढ़ी से हाथ जोड़कर कहना चाहता हूँ- नाचिए, गाइए, मौज-मस्ती कीजिए, पार्टी भी कीजिए, लेकिन उसकी एक समय-सीमा होनी चाहिए। क्या इतनी देर रात तक पार्टी करना ज़रूरी है कि माता-पिता और परिवार चैन की नींद भी न सो सकें? आज की युवा पीढ़ी ने पैसा कमाने में भले ही पुरानी पीढ़ी को पीछे छोड़ दिया हो, लेकिन जीवन की कीमत को भूलती जा रही है। जब कोई युवा चला जाता है, तो वह अकेला नहीं जाता—पूरा परिवार जीवनभर के लिए दुःख में डूब जाता है। यह समस्या केवल मेरे घर की नहीं, बल्कि आज समाज के हर दूसरे घर की है। दुर्भाग्य की बात यह है कि आज की युवा पीढ़ी न किसी की सुनती है और न ही समझती है, उन्हें लगता है कि जो वे कर रहे हैं वही सही है, जबकि उसके परिणाम पूरे समाज को भुगतने पड़ते हैं। युवा पीढ़ी से निवेदन है। अपने पैसों का सदुपयोग करें, समय का ध्यान रखें और जीवन को जोखिम में न डालें। याद रखें रात का अंधेरा और काल किसी को माफ नहीं करता।

### प्रशासन से निवेदन

1. शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में रातभर चलने वाली पार्टियों पर तत्काल रोक लगाई जाए।
2. गाँवों में चल रही अवैध पार्टियों की जानकारी प्रशासन तक नहीं पहुँच पाती इस पर विशेष निगरानी जरूरी है।
3. डीजे और तेज़ आवाज़ वाले कार्यक्रमों पर सख्ती हो, ताकि कई घरों के चिराग बुझने से बच सकें।
4. शराब की दुकानों का समय रात्रि 9 बजे तक ही सीमित किया जाए।
5. शहरों में रात 11 बजे से सुबह 4 बजे तक चलने वाले ढाबों, रेस्टोरेंट और क्लबों पर तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए।

समाज और राजनीति से अपील

समाजसेवी संस्थाएँ, राजनीतिक दल और जनप्रतिनिधि मिलकर जनजागरण अभियान चलाएँ और शासन-प्रशासन को इन विषयों पर कठोर निर्णय लेने के लिए बाध्य करें। कानून का उद्देश्य स्वतंत्रता देना है, लेकिन अनुशासन के बिना स्वतंत्रता समाज को विनाश की ओर ले जाती है। संयम, मर्यादा और जिम्मेदारी, यही एक सुरक्षित समाज की पहचान है। यह केवल एक पिता का दर्द नहीं, बल्कि पूरे समाज की पुकार है।

**-मोनिका आनंद कासलीवाल स्वर्गीय प्रखर कासलीवाल के माता-पिता - 9893056194**

# अंतरिम बजट में रिटेल गारमेंट्स व्यापार को राहत देने की मांग

### ऑनलाइन एमएनसी के भारी डिस्काउंट से पुश्तैनी कारोबार संकट में

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षय जैन ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा जल्द पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट 2026 को लेकर इंदौर के रिटेल गारमेंट्स व्यापारियों ने सरकार से बड़ी राहत की मांग की है। विदेशी पूंजी से संचालित ऑनलाइन कंपनियों के कारण स्थानीय और पुश्तैनी कारोबार लगातार कमजोर होता जा रहा है। ऑनलाइन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म भारी छूट और लागत से कम कीमत पर बिक्री कर रहे हैं, जिससे पारंपरिक बाजार प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पा रहे। इसका सीधा असर स्थानीय व्यापार, रोजगार और बाजार की सामाजिक संरचना पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऑफलाइन व्यापारियों को जहां जीएसटी, नगर निगम टैक्स, बिजली दर और अन्य नियमों का पालन करना पड़ता है, वहीं ऑनलाइन कंपनियों को नियमों में ढील और टैक्स प्लानिंग का फायदा मिल रहा है। इससे व्यापार में बराबरी का अवसर खत्म हो रहा है।

### बजट से ये हैं प्रमुख अपेक्षाएं

अक्षय जैन ने मांग की कि अंतरिम बजट 2026 में ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा की जा रही प्राइस डंपिंग पर रोक लगाई जाए। ऑनलाइन और ऑफलाइन व्यापार के लिए समान टैक्स और नियम लागू किए जाएं। लंबे समय से संचालित पुश्तैनी दुकानों को टैक्स में राहत और कम ब्याज पर ऋण दिया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि एफडीआई आधारित ई-कॉमर्स को केवल मार्केटप्लेस मॉडल तक सीमित रखा जाए और सरकारी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ONDC को छोटे व्यापारियों के लिए मजबूत विकल्प बनाया जाए। अक्षय जैन ने कहा कि गारमेंट्स रिटेल सेक्टर लाखों लोगों को रोजगार देता है। बजट में इस सेक्टर को रोजगार आधारित उद्योग मानते हुए विशेष प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापारी तकनीक के विरोध में नहीं हैं, लेकिन तकनीक के नाम पर स्थानीय व्यापार को खत्म करना उचित नहीं है।

# एसआईआर फार्म कई बार भरने के बाद भी रिजेक्ट क्यों?

## नकारात्मक कॉल आता है तो जनता हो रहीं है परेशान

### एसआईआर के फॉर्म ठीक नहीं भरे गए तो बीएलओ ने जमा क्यों किए

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सामाजिक कार्यकर्ता सादिक खान ने बताया कि सिरपुर, केशव नगर, सहयोग नगर, नंदन नगर के आस-पास की कालोनियो से रहवासियो द्वारा एसआईआर फार्म भरकर जमा किए गए थे।

जब सभी जानकारी भरकर फार्म बीएलओ ने चेक कर अपने हस्ताक्षर कर जमा किया गया उसके बाद भी रहवासियो के पास फोन बार बार आते है आप अपना और भी डाकोमेंट लेकर लाल स्कूल नंदन नगर आइए, इसी तरह लोगों द्वारा कई बार एसआईआर का फार्म भर चुके है फिर भी लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जब फार्म मे कोई कमी है तो फार्म जमा क्यों किये गये। जनता को परेशान किया जा रहा है। 5 से 6 बार फार्म जमा करने के बाद भी फोन लगाकर कुछ कमी बताई जा रहीं है। लोग परेशान हो रहे है जबकि फार्म मे कोई कमी है तो फार्म क्यों जमा करवाये गए। जो डाक्यूमेंट्स मांगे गए वह भी जमा करवा दिए गए है। सादिक खान ने कहा कि अब इसमें जनता की गलती क्या है, अगर गलती बीएलओ की है तो उनकी जांच की जाएं, लेकिन आम मतदाता जनता की समस्या खत्म की जाए, सूची में नाम नहीं दिखने से उनके मन में तनाव है।



# अटाला बाजार में अवैध पार्किंग से परेशानी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**गोपाल मंदिर राजबाडा निहालपुरा के पास अटाला बाजार में अवैध पार्किंग के कारण यहां के लोग परेशान है। भीम आर्मी के इमरान अहमद द्वारा इसकी शिकायत यातायात थाना पर की गई तो यहां के अधिकारियों ने गेंद इंदौर नगर निगम के पाले में डाल दी। यातायात अधिकारियों का कहना है कि नगर निगम यहां पर नो पार्किंग का बोर्ड लगाएं तो ही हम यहां की गाड़ियां जब्त करके ले जाएंगे। दूसरी ओर इंदौर नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि अवैध पार्किंग के लिए यातायात थाने के लोग जिम्मेदार हैं इनको कार्रवाई कर गाड़ी जब्त करना चाहिए। अटाला बाजार में महिलाओं की जबरदस्त रोज भीड़ लगती है और अवैध पार्किंग के कारण महिलाओं का निकलना मुश्किल हो गया है दूसरी ओर दुकानदारों का धंधा भी मारा जा रहा है।**

# पतंग दुकान के बाहर ही सूती जा रही है धागन

**इंदौर।** वैसे तो मकर संक्रांति पतंगबाजों के लिए 14 जनवरी रहती है, व्रत और आराधना की मकर संक्रांति 15 जनवरी को ही मनाई जा रही है। इधर पुलिस प्रशासन ने चाइनीज़ डोर प्रतिबंधित कर रखी है। जगह-जगह कल पुलिस ने दुकानों की तलाशी भी ली। अब दुकानदार अपनी दुकान के बाहर ही देशी धागन की सुताई कर डोर तैयार कर रहे हैं। पीछे दुकानों पर 5 रु. से लेकर 100 रु. तक की पतंगे बिक रही है। कई जगह दुकानों पर बोर्ड भी लगे हैं कि चाइनीज मांझा प्रतिबंधित है। पतंगबाज आज अपनी पसंद की पतंग और धागन खरीदेंगे और कल पतंगबाजी करेंगे। कई लोग कल सुबह से लेकर दोपहर तक पतंग धागन खरीदते हैं, खासतौर से पश्चिम क्षेत्र में पतंग-धागन की ज्यादा दुकानें हैं, लेकिन दुकानें तो पतंग की पूरे शहर में लगी हुई है।



चित्र-छावनी का




चित्र - बियाबानी का

## वैश्य महासम्मेलन का आयोजन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। महू, म.प्र. वैश्य महासम्मेलन द्वारा कैलेण्डर विमोचन कर वितरण भी किया गया। विजय विजयवर्गीय, कांता सोडानी, हरि अग्रवाल, श्रीराम गोयल, उमा गोयल, पूजा खंडेलवाल, अंजना बाहेती, स्वाति विजयवर्गीय,श्रीराम गोयल, हरिशंकर विजयवर्गीय, राम तायल, हेमा रापत, दीपेश मित्तल मौजूद थे।

## राकेश जैन अध्यक्ष, ललित डोटिया सचिव



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री दिगम्बर जैन जैसवाल सोशल मंच के चुनाव में राकेश- त्रिशला जैन को अध्यक्ष, ललित-किरण डोटिया सचिव, राकेश-सरिता जैन को कोषाध्यक्ष पद के लिए चयन किया गया। 100 परिवार पुरानी संस्था से जुडे है जो मनोरंजक, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करती हैं। मनोज सीमा जैन ने बधाई दी।

## मराठा सोशल ग्रुप का सम्मेलन होगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



क्षत्रिय मराठा सोश्यल ग्रुप का अ.भा. रजत जयंती पर परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 17 एवं 18 जनवरी को गाँधी हॉल में होगा। सम्मान का मुख्य आयोजन 18 जनवरी को दोपहर 3 बजे से किया जाएगा जिसमें 100 से अधिक लोगों का सम्मान होगा। सम्मेलन के लिए 500 से अधिक प्रविष्टियां आ चुकी है। बहुरंगीय ''मिलन'' पत्रिका का भी प्रकाशन किया गया है। गिरीश चव्हाण, पूर्णिमा चव्हाण, वंदना चराटे, नमिता गरूड़, भारती गुंजाल, संभाजीराव गुंजाल, राजेन्द्र जाधव, विवेक कदम, विरेन्द्र पुणेकर, देव दिघे, संजय दिघे, सुधीर शालिय, विमलेश जाधव, दाक्षी चव्हाण अपनी भूमिका आयोजन में निभाएंगे।



## विवेकानंद गौरव अलंकरण सम्मान समारोह

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कर्मवीर स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट और इंदौर सेवा ट्रस्ट द्वारा प्रदेश स्तरीय विवेकानंद गौरव अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन धार रोड गार्डन में 51 कर्मवीरों को सम्मानित कर किया गया। प्रकाश मानावत ने बताया कि इस अवसर पर कई राजनेता और सामाजिक लोग भी मौजूद रहे।

## वैदिक गणित पर विशेषज्ञ व्याख्यान



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आईपीएस अकादमी के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर आईईईई स्टूडेंट चैप्टर के अंतर्गत 'प्राचीन वैदिक गणितः कुशल गणना के लिए एक मार्ग' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. माया इंगले, योगेन्द्र जैन, निषित जैन, निधि जैन, डॉ. मनीष पुंडरिक, डॉ. मनजीतसिंह टीथ, प्रो. रुचिरा मुच्छाल, डॉ. नेहा भरानी मौजूद थे।

## हास्य योग का आयोजन होगा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विश्व हास्य-योग महासंघ द्वारा 14 जनवरी को दोपहर 3.30 बजे आस्था वृद्धाश्रम परदेशीपुरा में हास्य योग का कार्यक्रम वृद्धजनों के लिए होगा। ओमप्रकाश गुप्ता, कैलाश खंडेलवाल, रमेश मौर्य सहित अन्य मौजूद रहेंगे।



## खाटू श्याम मंदिर से बसंतोत्सव पर निकलेगी रथयात्रा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। एबी रोड मालवीय नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर पर बसंतोत्सव 23 जनवरी को मंदिर के स्थापना दिवस पर सुबह 9 बजे श्याम रथयात्रा निकलेगी। वहीं रविवार 25 जनवरी को बर्फानी धाम के पास स्थित कमल नयन उपवन पर भजन संध्या होगी। नरेश नरसी, मास्टर श्याम और इंदौर के रवि शर्मा प्रस्तुतियां देंगे। इस मौके पर बाबा की पावन ज्योत, छप्पन भोग, मोर छड़ी के चमत्कार एवं पुष्प-इत्र की बौछारों सहित अनेक ऐसे आकर्षण होंगे। मदनलाल शर्मा ने बताया कि जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। साथ में श्याम भक्त भी आयोजनों में मौजूद रहेंगे।

## ट्रांसपोर्ट नगर संस्था ने किया वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। ट्रांसपोर्ट नगर दूरभाष साख सहकारी संस्था द्वारा 60 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों का सम्मान किया। पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, निरंजनसिंह चौहान, श्री उपाध्याय सहित अन्य अतिथि थे। उद्बोधन राजेन्द्रसिंह ओरा, उन्नीत झांझरी ने दिया। संचालन प्रकाश शर्मा ने किया। मनमोहन झांझरी, प्रकाश शर्मा, सीएम जैन, बीएस हाड़ा, एमएल चौधरी, प्रेम तिवारी, नरेन्द्र राठौड़, सीके जोशी, ओम यादव, हेमंत दुबे ने अपनी भूमिका निभाई।



## सिंधी समाज मना रहा है लाललोई पर्व

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सिंधी समाज आज लाललोई पर्व मना रहा है। माता की पूजा की जा रही है, मन्नत भी ली जा रही है। सिंधी बाहुल्य क्षेत्रों में आज समाज के संगठन दोपहर में कई आयोजन अलग-अलग कर रहे हैं। सिंध रक्षक के नरेश फुंदवानी, सरिता मंगवानी ने बताया कि सिंधी बाहुल्य क्षेत्र में महिलाओं और सामाजिक संगठनों ने आज के लिए विशेष तैयारियां की है। कंडे जलाकर उत्सव मनाया जाएगा, लकड़ी बचाई जाएगी, पर्यावरण का संकल्प भी लिया जाएगा।



## कोष्ठी समाज ने किया सम्मेलन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिदि )। श्री देवांग कोष्ठी समाज सकल पंच ने कनकेश्वरी मैदान परदेशीपुरा पर प्रत्याशियों, अभिभावक और समाजजनों की मौजूदगी में सम्मेलन आयोजित कराया। कई रिश्तों पर बात चल रही है। दिलीप हेड़वे, नरेन्द्र श्रीवंश, ताराचंद झांसीवाला, कल्याण देवांग, अशोक हेड़ाऊ, आनन्द खटके, विनोद नीमजे ने अपनी भूमिका निभाई।

## लायन नामदेव का दिल्ली में सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। लायंस क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक गवर्नर रहे लायन एसपी नामदेव का पूर्व में किए गए कार्यों के आधार पर मेरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी मेरीलैंड यूसए द्वारा



बिजनेस मैनेजमेंट एवं सोशल वर्क विषय पर डॉक्टरेट की मानद उपाधि देकर यूनिवर्सिटी द्वारा दिल्ली में आयोजित इंडो इंटरनेशनल इंटलेक्चुअल कांक्लेव 2026 में पीएचडी की डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया। उक्त जानकारी दिनेश रणधर ने दी।

## स्वर्णकार समाज ने किया अन्नकूट आयोजन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार मारवाड़ी समाज के तत्वावधान में युवा संगठन, महिला संगठन एवम श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सेवा सहायता निधि के सहयोग से गार्डन में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। भगवान श्रीनाथजी का श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाए, आरती भी की गई। समाजजन और भाजपाई नेता भी मौजूद रहे।

## इंडिया गेट अमर जवान की प्रतिकृति तैयार



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संस्था सेवा सुरभि द्वारा झंडा ऊंचा रहे हमारा अभियान के अन्तर्गत रीगल तिराहा पर पुलिस, जिला प्रशासन, नगर निगम, प्राधिकरण के साथ मिलकर आयोजन किया जाना है। रीगल तिराहा पर इंडिया गेट अमर जवान की प्रतिकृति तैयार हो गई है। अब कार्यक्रम की शुरूआत पर स्कूली विद्यार्थी रोजाना प्रस्तुतियां देंगे।

# अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र कराएगा कल भारतीय खेल आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

अग्रवाल समाज हाइवे क्षेत्र पालदा की 30 से अधिक कॉलोनियों के 500 से अधिक परिवारों द्वारा कल बुधवार 14 जनवरी को वरुण विक्ट्री परिसर में दोप-हर 2 बजे से मकर संक्रां-ति के उपलक्ष्य में कई देशी खेलों की स्पर्धाओं का आयोजन होगा। युवा एवं महिलाओं के लिए भी दिलचस्प खेल स्पर्धाएं रखी गई हैं। अरविन्द बागडी, शीतल तोडीवाला, मनीष अग्रवाल मन्नू ने बताया कि आयोजन शाम तक चलेगा उसके बाद तम्बोला और फिर भोजन का आयोजन भी होगा। महिला प्रतियोगिता के लिए ज्योति अग्रवाल, अनामिका अग्रवाल, आस्था अग्रवाल, अनु बागड़ी, पूजा अग्रवाल, पूजा सिंघल, संध्या गुप्ता, मनीषा बंसल, अमृता अग्रवाल, शिवानी बंसल, शशि एरन, निधि बागड़ी एवं दीप्ति अग्रवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# श्री श्रीविद्याधाम में होगा 9 दिवसीय आयोजन

## मां के नौका विहार, नगर भ्रमण एवं पुष्प बंगला सहित विभिन्न अनुष्ठान होंगे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम मंदिर का प्रकाशोत्सव गुप्त नवरात्रि पर 19 से 27 जनवरी तक आयोजित होगा। स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में 9 दिव-सीय इस महोत्सव में अनेक कार्यक्रम होंगे। संग्रहमख ललिताम्बा महायज्ञ अनुष्ठान से शुरुआत होगी। रोजाना संध्या वैदपाठ भी होंगे। दोपहर में दुर्गा पाठ सहित अन्य आयोजन होंगे। शनिवार 24 जनवरी को शाम 5 बजे माँ अपने भक्तों को दर्शन देने शोभा यात्रा के रूप में निकलेंगी। रविवार 25 जनवरी को सुबह 9.30 बजे से पूज्य 'भगवन' के श्री विग्रह एवं पादुका पूजन अभिषेक एवं आरती तथा शाम 6 बजे नर्मदा के पवित्र जल में माँ का नयनाभिराम नौकाविहार होगा। 26 जनवरी को शाम 6 बजे से माँ का भव्य पुष्प बंगला श्रृंगारित होगा। मंगलवार 27 जनवरी को शाम 6 बजे से छप्पन भोग दर्शन एवं दीपोत्सव का दिव्य आयोजन होगा। आयोजन की तैयारियां शुरु हो गई है। 9 ही दिनों सुबह से लेकर रात तक धार्मिक आयोजन चलेंगे। बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। यज्ञ रोजाना सुबह 9.30 बजे शुरु होंगे। शाम को रोजाना 108 दीपों से महाआरती के आयोजन के आयोजन होंगे।



# अग्रबंधुओं ने निकाली भगवान शंकर की सवारी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** दक्षिण भारत की तीर्थ यात्रा पर रामेश्वरम पहुंचे 1100 अग्रवाल बंधुओं ने 22 कुंडों के तीर्थजल का स्नान भी किया और भगवान शंकर की शोभा यात्रा निकाली जो रामेश्वरम मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर पर समाप्त हुई। फाउंडेशन के प्रमुख संजय बांकड़ा एवं किशोर गोयल ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं ने रामेश्वरम में समुद्र स्नान के साथ ही धनुष कोटि स्थित रामसेतु के दर्शन भी किए और श्रीलंका की भूमि का भी अवलोकन किया। गणेश गोयल, गिरधारीलाल अग्रवाल, कैलाश काका, निर्मला जिंदल, अशोक तायल, श्याम अग्रवाल सेंधवा एवं मनोज अन्नपूर्णा, भावेश अग्रवाल, राजेश मित्तल, नितिन अग्रवाल, मनीष जिंदल, रत्नेश गोयल, सचिन दरबार एवं अजय मंगल मौजूद थे।

# धार्मिक यात्रा का स्वागत



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर रियल एस्टेट ब्रोकर्स एसोसिएशन द्वारा जय सियाराम बाबा की चरण पादुका यात्रा का स्वागत किया गया। हनु-मान जी के द्वारा फल और चॉकलेट भक्तों को वितरित की गई। संस्था के सचिव पीयूष बाजपेई ने बताया कि इस यात्रा में संस्था के सत्यनारायण प्रजापति, प्रकाश राठी, तपन जैन, अनिल शर्मा, अजय सोनी, अभिषेक शर्मा, राजेंद्र नगर पवन नगर अशोक रूपावत, सचिन जैन, अभय जैन, लक्ष्मीनारायण मौर्य, अशोक व्यास, प्रहलाद सोनी, दिनेश चौधरी, केशव देवकते, रूपेश दवे, सनी पांडे आदि सम्मिलित हुए। यात्रा के संयोजक वीरेंद्र गुप्ता का संस्था के सभी सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया।

# सुभाष अलंकरण से सम्मानित होंगी 5 विभूतियां

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** नेताजी सुभाष मंच, श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा 23 जनवरी को सुबह 10.30 बजे रीगल तिराहा काफी हाऊस में नेताजी सुभाष अलंकरण समारोह में अपना योगदान देने वाली 5 विभूतियों डॉ. दिलीप वाघेला, पूजा दवे, बालकदास घोरैया, संदीप काले, आदित्य तिवारी को सम्मानित किया जाएगा। इस बार से नेताजी सुभाष की जयंती पर चार दिवसीय कार्यक्रम होंगे।मदन परमालिया ने बताया कि 26 जनवरी को तिरंगा झंडा वितरण, 28 जनवरी को पौधारोपण और 30 जनवरी को देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति होगी।



# स्वामी सुमेरपुरी की बरसी महोत्सव

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सिंध के प्रसिद्ध योगीराज मीयागोठ के निवासी सतगुरु 1008 स्वामी सुमेरपुरी साहेब की 68 वी वरसी महोत्सव 10 और 11 जनवरी को सुमेरधाम विजय सचदेव मार्ग सिल्वर पैलेस कॉलोनी क्रांति कृपलानी नगर में मनाई गई। सत्संग, कीर्तन, माता की चौकी का आयोजन भी किया गया। महंत कमलपुरी स्वामी श्यामपुरी, महंत गणेश गिरी, महंत जयेशदास, स्वामी संत गुरमुख सिंग, अनूप गिरी गोस्वामी, स्वामी जगदीशकुमार गोस्वामी, महेश पुरी, कपिल पुरी, आकाश मनन माहिर, राजेन्द्र सचदेव, लालचंद छाबडा मौजूद थे।



# बालाजी का अभिषेक चक्र स्नान

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** श्री पद्मावती वेंकटेश देव स्थान पर चल रहे ब्रह्म उत्सव के समापन अवसर पर भगवान बालाजी का 108 रजत कलशों से महाअभिषेक, चक्र स्नान मंदिर में हुआ। मनोहर सोनी, हरिकिशन साबू, राम हुरकट, दिनेश सारडा कालू, रमेश मानधन्या, राधेश्याम लाहोटी, सुनील बंसल, सोयल साबू, राजेंद्र मंत्री, भगवानदास हेडा, राजा लड्डा, प्रदीप साबू, राजेंद्र काबरा, मोहित कश्यप, पदमा सोनी, अनुराधा कश्यप मौजूद थे।

# दास हनुमान बगीची पर पूरी रात भजन संध्या

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



पश्चिम क्षेत्र स्थित दास हनुमान बगीची पर चल रहे जय सियाराम बाबा मूर्ति अवतरण महोत्सव में राम रामायण मंडल का वार्षिकोत्सव प्रारंभ हुआ। कैलाश कुसुमाकर, वीरेन्द्र गुप्ता, अशोक पटेल एवं मंदिर के पुजारी पं. देवेन्द्र ति-वारी ने बताया कि सुबह रामचरितमानस का अखंड पाठ प्रारंभ हुआ। आज रात 8 बजे से शहर के करीब 10 रामायण मंडलों एवं भजन मंडलों द्वारा पूरी रात भजनों की प्रस्तुतियां समर्पित की जाएंगी। बुधवार 14 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 108 सुंदरकाण्ड पाठ द्वारा हवन प्रारंभ होगा जिसकी पूर्णाहुति के बाद महाआरती एवं चलित प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। बाबा की मूर्ति का पाटोत्सव 14 जनवरी से 20 जनवरी तक मनाया जाएगा।

# साहित्यकार होंगे सम्मानित

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** गजासीन शनिधाम के स्थापना दिवस 16 से 18 जनवरी के बीच हिन्दी रक्षक मंच द्वारा दो साहित्यकार द्रोणाचार्य दुबे एवं तृप्ति मिश्रा को अन्य साहित्यकारों के साथ सम्मानित किया जायेगा। कवि सम्मेलन का आयोजन भी होगा।



# अग्रवाल सखियों ने लिए संकल्प

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज की 100 से अधिक सखियों ने देवास नाका रेस्टोरेंट पर मस्ती और धमाल के साथ किटी पार्टी का आयोजन किया। नए वर्ष के लिए कुछ संकल्प भी लिए। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

# 10 लोगों के खिलाफ पुलिस का प्रतिबंधात्मक आदेश

## 7 के विरुद्ध निर्बन्धन आदेश, 3 को किया जिलाबदर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

पुलिस कमिश्नर ने कल 10 बदमाशों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए। इनमें से 2 चायनीज मांझा विक्रय और भंडारण में लिप्त थे। 7 बदमाशों के विरुद्ध निर्बन्धन आदेश, 3 को किया जिलाबदर किया गया है। 7 बदमाशों के अब सम्बंधित थाना में हाजरी देना होगी। पुलिस के मुताबिक इन सभी के खिलाफ अलग-अलग प्रकरण दर्ज है। पुलिस कमिश्नर ने इरफान उर्फ इफ्तेखार उर्फ बाबू टिपिया उम्र 36 वर्ष निवासी 146 ग्रीन पार्क कॉलोनी को 1 वर्ष, तनवीर उर्फ तन्नू उर्फ मसूदी पिता अब्दुल गनी उम्र 25 वर्ष निवासी 167 हीना पैलेस कॉलोनी को 6 माह तथा रोहित पिता विक्रम धनगर उम्र 20 साल निवासी 748/19 मेघदूत नगर थाना हीरानगर को भी 6 माह के लिए इन्दौर नगर, देहात एवं उससे लगे सीमावर्ती जिलो की सीमाओं के लिये प्रतिबंधित करने हेतु जिलाबदर आदेश जारी किया गया है। उक्त निर्बन्धन आदेश की शर्तों का यदि उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। उक्त प्रकरणों पर शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ अजय प्रताप बुंदेला द्वारा की गई।

## 'भारत पर्व' का आयोजन होगा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोकतंत्र के लोक उत्सव 'भारत पर्व' का आयोजन आगामी 26 जनवरी को किया जाएगा। यह आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा जनसम्पर्क विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, समाजसेवियों, साहित्यकारों, कलाकारों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। भारत पर्व के प्रभावी आयोजन हेतु जिलों में आवश्यक तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। लोक एवं भक्ति गायन, सुराज एवं आज़ादी के तराने, कवि सम्मेलन, वादन एवं नर्तन जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भारत पर्व के अवसर पर विकासात्मक गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# आवश्यक वस्तु संघ और उपभोक्ताओं ने किया आयोजन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। खाद्य आपूर्ति आवश्यक वस्तु विक्रेता एसोसिएशन और उपभोक्ताओं ने मिलकर मिलन का आयोजन अतिथि अधिकारी मोहनलाल मारू, पीयूष माली की मौजूदगी में दास हनुमान बगीची में किया गया। खाद्य नियंत्रक मोहनलाल मारू ने कहा कि कोई भी पात्र उपभोक्ता राशन से वंचित न रहे। हमारा कर्म-धर्म सेवा ही हो, इसी पवित्र भाव से राशन दुकानों का संचालन एवं राशन का वितरण होना चाहिए, यही हमारा उद्देश्य है। आगे कहा कि वर्तमान में 'पायलट मिशन' के तहत शहर में उपभोक्ताओं के हित में 30 दुकानों पर 'जन पोषण केंद्र' की स्थापना की गई है। उसके अच्छे परिणाम आने पर 100 दुकानों पर जन पोषण केंद्र आरंभ करने की तैयारी शुरू की जानी है।इस अवसर पर पूर्व पार्षद पवन जैन, पंकज जैन, पीसी गुप्ता, मिन्दू वाजपेयी, एस.एस. व्यास, अविनाश जैन, कल्पना परमाणिक, सुचिता दुबे, तृप्तीमाला मिश्रा, आर.पी. शर्मा, राहुल शर्मा, अजय गोयल,प्रकाश शर्मा, रुद्र शुक्ला, रवि यादव, प्रशांत नामदेव, भेरू जामोर, सागर नामदेव, अजय यादव, उमेश वाजपेयी, ज्ञानेन्द्र यादव, मधू वाजपेयी, पंकज त्रिवेदी, गोलू अग्रवाल, नन्दू कसेरा, अजय श्रीवास, अमित जैन, अमित मालवीय मौजूद थे।



वर्ल्ड कप चौराहा ब्रिज पर बंधवाया सेफ्टी वायर

# पुलिस ने की पतंग मांझा दुकानों की चैकिंग

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। तिलक नगर पुलिस ने क्षेत्र में प्रतिबंधित चाइनीज़ मांझा के उपयोग एवं विक्रय के संबंध में विधिक प्रावधान तथा जागरूकता अभियान चलाया, सख्त चैकिंग भी की गई। पुलिस द्वारा खुले स्थान व मैदान जहाँ से पतंग उड़ाने वाले स्थानों से कार्रवाई करते हुए सर्चिंग वर्ल्ड कप चौराहा ब्रिज पर सेफ्टी वायर बंधवाया। चिन्हित ब्रिजों पर राहगीरों को धीमा चलने हेतु स्टापर लगवा कर चेतावनी वाले बैनर भी लगवाए। अधिकारी कुमार प्रतीक, अमरेन्द्रसिंह, कुंदन मंडलोई के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनीष लोधा और टीम ने क्षेत्र की सभी मांझा दुकानों की चैकिंग की।

## ट्रांसको एमडी सुनील तिवारी का कार्यकाल बढ़ाया

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मध्यप्रदेश शासन ने एम पी पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के प्रबंध संचालक (एमडी) पद पर सुनील तिवारी के कार्यकाल को 6 महीने के लिए बढ़ा दिया है। यह नियुक्ति आगामी छह माह की अवधि या चयन समिति के माध्यम से नियमित चयन होने तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी। इस संबंध में ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई द्वारा आदेश जारी किए गए।

# शासकीय स्कूल हातोद में युवा दिवस

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। स्वामी विवेकानन्द की जयंती युवा दिवस पर कल पीएम शासकीय स्कूल हातोद में जनप्रतिनिधि, अभिभावक, विद्यार्थी, शिक्षकों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिकारी डीके वर्मा एवं नरेंद्र बापट, संतोष गुप्ता,डॉ शरद जैन, जनार्दन जोशी, सत्यनारायण मंडलोई, सुनील जोशी, वर्षा बाकलीवाल, रेणुका वर्मा की मौजूदगी में सूर्य नमस्कार भी किया गया।



## मनोचिकित्सकीय परामर्श शिविर

### नागरिकों को बताए मानसिक तनाव को दूर करने के उपाय

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई जलजनित घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा अब नागरिकों के मानसिक स्वास्थ्य की मजबूती के लिए भी सकारात्मक पहल की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे नियमित उपचार से क्षेत्र में स्थिति अब तेजी से सामान्य हो रही है। स्वास्थ्य विभाग ने सकारात्मक पहल करते हुए अभियान स्वास्थ्य वर्धन के तहत क्षेत्र में आज मनोचिकित्सकीय परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मन कक्ष दल द्वारा नागरिकों को भय, तनाव और असुरक्षा के भाव से दूर रहने के उपाय बताये गए।

## पूर्व सैनिकों के सम्मान में वेटरंस डे का आयोजन कल

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में वेटरंस डे का आयोजन कल 14 जनवरी को जयरामपुर कालोनी कार्यालय में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्व सैनिकों के सम्मान में यह दिवस मनाया जाएगा। वयोवृद्ध पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों का सम्मान भी किया जायेगा। इसके अलावा पूर्व सैनिको, वीर नारियों, विधवाओं एवं आश्रितों की शिकायतों/समस्याओं का निराकरण एवं शासन द्वारा जारी पूर्व सैनिकों हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। उक्त जानकारी नगेश चन्द्र मालवीय ने दी।

## 200 से अधिक महिलाओं के लर्निंग लाइसेंस जारी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सुशासन व स्वराज के लक्ष्य को लेकर क़ल से इंदौर जिले में 'संकल्प से समाधान अभियान' की शुरुआत हो गई है। परिवहन विभाग ने नंदा नगर के आईटीआई स्थित ड्रायविंग ट्रेनिंग स्कूल में लर्निंग लाइसेंस का कैंप लगा कर इसकी शुरूआत की। यहां पर कल पहले दिन 200 से अधिक महिलाओं के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। यह अभियान 31 मार्च तक चलेगा। एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार यह अभियान शुरू किया गया है। इसमें नए लाइसेंस बनाना, रिन्यूअल, डुप्लीकेट लाइसेंस बनवाना आदि काम किए जाएगें। सोमवार को इस अभियान की शुरूआत की गई है। यहां पर लर्निंग लाइसेंस बनाए गए है।

## संपादकीय

### नफरती हिंसा की आग में जल रहे पड़ोसी देश

पड़ोसी देशों में जिस तरह से अल्पसंख्यकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, वह न केवल सांप्रदायिक उन्माद फैलाने का प्रयास है, बल्कि नागरिकों के जीने के अधिकार का भी उल्लंघन है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे लक्षित हमलों के बीच अब पाकिस्तान में एक हिंदू किसान की गोली मार कर हत्या कर देने की घटना ने दुनिया भर में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इससे पहले कनाडा और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी भारतीय मूल के लोगों विशेषकर हिंदुओं के साथ भेदभाव और नस्ली हमलों की खबरें आती रही हैं। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में जिस हिंदू व्यक्ति की हत्या की गई, वह आर्थिक रूप से कमजोर था। इस घटना से वहां हिंदू समुदाय के लोगों में आक्रोश है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में हिंदू समुदाय के लोगों को जबरन धर्मांतरण और भूमि संबंधी विवादों का अक्सर सामना करना पड़ता है। उन्हें अपनी सुरक्षा और नागरिक अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ता है, जिसकी कीमत कई बार जान देकर चुकानी पड़ती है। पड़ोसी देशों में जिस तरह से अल्पसंख्यकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, वह न केवल सांप्रदायिक उन्माद फैलाने का प्रयास है, बल्कि नागरिकों के जीने के अधिकार का भी उल्लंघन है। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अल्पसंख्यक नागरिकों खासकर हिंदुओं की सुरक्षा और उनके मौलिक अधिकारों के लिए आवाज उठाना अब जरूरी हो गया है। इस तरह की घटनाओं की निंदा करने और सिर्फ चिंता जताने भर से बात नहीं बनेगी। भारत को संबंधित देशों में अपने प्रतिनिधिमंडल भेजने से लेकर द्विपक्षीय वार्ताओं में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाना होगा।

# पुरानी रंजिश में पिता-पुत्रों ने मिलकर युवक को पीटा

## बीच सड़क पर पत्थर मारकर फोड़ा सिर

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। विवाद इतना बढ़ा कि एक ही परिवार के चार लोगों ने मिलकर युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी और सड़क पर पड़े पत्थर से उसका सिर फोड़ दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना पलसीकर कॉलोनी क्षेत्र की है। यहाँ रहने वाले शेखर पिता देवकरण सोलंकी की रिपोर्ट पर गणेश परमार उसके बेटे जीवन, विजेंद्र और महेश के खिलाफ केस दर्ज किया गया।फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी गणेश परमार और उसके बेटों से पुराना विवाद चल रहा है। कल जब फरियादी वहां से गुजर रहा था, तो उन्हें देखते ही आरोपीगण पुरानी बातों को लेकर गालियां देने लगे। जब फरियादी ने गाली देने का विरोध किया और कारण पूछा, तो चारों आरोपी एक साथ उसपर टूट पड़े। आरोपियों ने पहले फरियादी को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से जमकर पीटा और फिर पास ही पड़ा एक भारी पत्थर उठाकर उसके सिर पर दे मारा। हमले में फरियादी का सिर फट गया और वे लहूलुहान हो गया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

## चोरों के हौंसले बुलंद..दो इलाकों में ताले टूटे

**इंदौर।** एरोड्रम और तिलक नगर थाना क्षेत्र में चोरी की दो वारदातें सामने आई हैं। अज्ञात बदमाशों ने सूने मकान और परिवार की मौजूदगी वाले घर को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है। एरोड्रम थाना क्षेत्र के एयरपोर्ट रोड स्थित पटेल नगर में चोरों ने दोपहर के समय चोरी की। फरियादी संजीत चौहान के मुताबिक, कल दोपहर करीब 3:30 से शाम 6:20 के बीच जब घर पर कोई नहीं था, तब अज्ञात बदमाशों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया। चोरों ने अलमारी को खंगाला और उसमें रखे सोने-चांदी के कीमती जेवरात व नकद रुपए लेकर रफूचक्कर हो गए।वहीं, तिलक नगर थाना क्षेत्र के बख्तावर राम नगर में एक चौंकाने वाली घटना हुई। फरियादी सुमित वैद ने पुलिस को बताया कि वह अपने काम से बंगाली चौराहा गया था, तभी उसके पिता राजेंद्र वैद ने फोन पर सूचना दी कि घर से मां की सोने की चेन चोरी हो गई है। हैरानी की बात यह है कि घर में सदस्यों की मौजूदगी के बावजूद अज्ञात बदमाश मौका पाकर चेन पार कर ले गया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ड्रोन की मदद से दबोचे गए 'अड़ीबाज' बदमाश

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में अड़ीबाजी और चाकूबाजी कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो कुख्यात बदमाशों को पुलिस ने आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ड्रोन सर्चिंग के जरिए बदमाशों के छिपने के सटीक स्थान का पता लगाया और घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। पकड़े जाने के डर से भागने के प्रयास में दोनों बदमाश गिर पड़े, जिससे उनके पैरों में फ्रैक्चर हो गया है। पुलिस अब इनके खिलाफ रासुका और जिलाबदर जैसी कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की तैयारी कर रही है। डीसीपी जोन-4आनंद कलादगी के अनुसार, घटना हरिजन कॉलोनी क्षेत्र की है। वीर-सावरकर नगर निवासी फरियादी गोपाल चौहान को रास्ते में रोककर आरोपी राजेश उर्फ घावरी और धनराज उर्फ धन्नू डोडिया ने अश्लील गालियां दीं और 10 हजार रुपए की अड़ीबाजी की मांग की। जब गोपाल ने रुपए देने से मना किया, तो बदमाशों ने चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया और उसके पास रखे 7,500 रुपए लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित कीं। बदमाशों के आदतन अपराधी होने और इलाके में छिपने की सूचना पर पुलिस ने 'ड्रोन कैमरों' की मदद ली। ड्रोन सर्चिंग के दौरान जैसे ही बदमाशों की लोकेशन मिली, पुलिस टीम ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। खुद को घिरा देख भागने की कोशिश में दोनों बदमाश असंतुलित होकर गिर गए, जिससे उनके पैर की हड्डियां टूट गईं। थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि पकड़े गए आरोपी राजेश पर अब तक कुल 64 आपराधिक मामले दर्ज हैं, वहीं उसके साथी धनराज पर 9 प्रकरण दर्ज हैं। ये दोनों पहले भी जिलाबदर और रासुका की मार झेल चुके हैं। फिलहाल घायलों का उपचार करवाकर पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

**भागने की कोशिश में दोनों के पैर हुए फ्रैक्चर, एक आरोपी पर 64 केस दर्ज**

## शराब के नशे में धुत काका ने भतीजे पर किया हमला

**गाली देने से रोका तो फावड़े से फोड़ा सिर**

इंदौर। तुकोगंज थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद में खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। शराब के नशे में गाली-गलौच कर रहे काका को जब भतीजे ने शांत रहने की सलाह दी, तो आरोपी ने आव देखा न ताव और पास ही पड़ा लोहे का फावड़ा भतीजे के सिर पर दे मारा। हमले में युवक लहूलुहान हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस के मुताबिक, घटना काजी की चाल इलाके की है। यहाँ रहने वाले 36 वर्षीय अजय उर्फ जय की रिपोर्ट पर उसके काका रामलाल पिता हरिराम के खिलाफ केस दर्ज किया गया।फरियादी ने पुलिस को बताया कि बीती रात करीब 11 बजे जब वह अपने घर पहुँचा, तो उसका काका शराब के नशे में धुत होकर जोर-जोर से गालियां दे रहा था। घर का माहौल खराब होता देख फरियादी ने अपने काका को गाली देने से मना किया और समझाने की कोशिश की। फरियादी की यह बात आरोपी को इतनी नागवार गुजरी कि वह हाथापाई पर उतारू हो गया। विवाद के दौरान आरोपी काका ने घर में रखा फावड़ा उठाया और पूरी ताकत से फरियादी के सिर पर वार कर दिया। सिर में फावड़ा लगते ही फरियादी जमीन पर गिर पड़ा और खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से भाग निकला।

# डॉ. जैन को राष्ट्रपति भवन में डीनर के लिए मिला निमंत्रण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

राष्ट्रपति भवन में गणतंत्र दिवस की संध्या में आयोजित डिनर के लिए डॉ. अंतरिक्ष जैन को निमंत्रित किया गया है यह निमंत्रण पत्र डॉ जैन के एमओजी लाइन स्थित निवास पर डाक विभाग के द्वारा कल पहुंचाया गया।

इंदौर में पले बढ़े डॉ. अंतरिक्ष जैन को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले विशेष एट होम डिनर के लिए आमंत्रित किया गया है। वे इस विशेष डिनर में राष्ट्रपति और अतिथियों के साथ डिनर करेंगे। डॉ जैन को यह सम्मान उन्हें केंद्र सरकार की विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 पहल में उनके उत्कृष्ट योगदान और विजन के लिए दिया गया है।

वे वर्तमान में अशोकनगर में मेडिकल ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। साथ ही पीजी की तैयारी भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विकसित भारत 2047 के संकल्प पर आधारित संकल्प पर आधारित एप्प पर हुई इस प्रतियोगिता में इस बात पर जोर दिया गया था कि कैसे भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए आधुनिक विकास की ऊंचाइयों को छू सकता है। उनके पिता डॉ. जम्बू कुमार जैन ने कहा कि युवाओं को इस तरह भारत के विकास में भागीदार बनाना एक अच्छी पहल है। सोमवार को भारतीय डाक तार विभाग द्वारा राष्ट्रपति भवन से भेजा गया निमंत्रण पत्र डॉ. जैन को सौपा गया। सहायक अधीक्षक डाकघर इंदौर पश्चिम धर्मेंद्र ठाकुर, पोस्टमैन लक्षमण ठोसर, अनिल कौशल और जावेद खान ने यह निमंत्रण लेकर जैन के घर आयुष्मान विहार एमओजी लाइन पहुंचे।

### सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 142900 | 142000 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 258000 | 270100 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# क्रिप्टो और फर्जीवाड़े का खेल.. तीन अलग-अलग मामलों में करीब 22 लाख की धोखाधड़ी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**शहर और ग्रामीण इलाकों में धोखाधड़ी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। पुलिस ने पिछले 24 घंटों में निवेश के नाम पर झांसा देने, बाउंस चेक के जरिए ठगी और फर्जी दस्तावेज तैयार कर कंपनी बनाने के तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं। इन मामलों में जम्मू के आरोपियों समेत कुल 8 लोगों को नामजद किया गया है।**

बड़गोंदा थाना क्षेत्र में क्रिप्टो करेंसी में ऊंचे रिटर्न का लालच देकर एक व्यक्ति से लाखों की ठगी की गई। मूल रूप से जम्मू-कश्मीर के राजौरी के रहने वाले और वर्तमान में गांगलियाखेड़ी बैरछा रोड निवासी राजेश कुमार ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी जयसिंह और पूजा निवासी जम्मू सिटी ने उन्हें क्रिप्टो में निवेश की एक लुभावनी योजना बताई। आरोपियों के झांसे में आकर राजेश ने 7 लाख 46 हजार 500 रुपए निवेश कर दिए। इसके बाद आरोपियों ने न तो कोई लाभ दिया और न ही मूल रकम लौटाई। पुलिस ने जयसिंह, पूजा और उनके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

## ट्रेडर्स दंपति ने थमाए बाउंस चेक 7.5 लाख की ठगी

एमजी रोड पुलिस ने अग्रवाल ट्रेडर्स के संचालक दंपति के खिलाफ लाखों की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपी राजेंद्र सिंह और उनकी पत्नी रेखा ने शिकायतकर्ताओं का विश्वास जीतकर उन्हें भुगतान के बदले 'इंडियन ओवरसीज बैंक' के प्रोपराइटर फर्म के चेक थमा दिए। जब पीड़ितों ने ये चेक बैंक में लगाए, तो वे अनादरित (बाउंस) हो गए। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने सोची-समझी साजिश के तहत 7 लाख 57 हजार 079 रुपए की ठगी की है। उप निरीक्षक सचिन त्रिपाठी मामले की जांच कर रहे हैं।

## फर्जी दस्तावेजों से खड़ी कर दी पूरी कंपनी

एमआईजी थाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कंपनी बनाकर धोखाधड़ी करने का एक गंभीर मामला सामने आया है। फरियादी रवि अग्रवाल निवासी वीर सांवरकर नगर की शिकायत पर पुलिस ने शुभम अरोरा, मधुर अरोरा, सौरभ समवानी और रोहित तनवानी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों ने 15 सितंबर 2025 को 'सिग्नल एक्सपर्ट ग्लोबल एलएलपी' एचआईजी कॉलोनी के कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और एक फर्जी कंपनी शुरू कर दी। पुलिस ने दस्तावेजों की जांच के बाद कल आरोपियों के खिलाफ जालसाजी की धाराओं में केस दर्ज किया है।

# टी-20 वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने किया रिटायरमेंट का ऐलान

## मार्च में खेलेगी आखिरी सीरीज

**नई दिल्ली।** आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले ऑस्ट्रेलिया की टीम के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान किया था। अब आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले उनकी पत्नी और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने अपने रिटायरमेंट की घोषणा कर दी है। भारत के खिलाफ फरवरी-मार्च में खेली जाने वाली तीनों फॉर्मेट की सीरीज से पहले उन्होंने अपने संन्यास का ऐलान किया। वे वनडे सीरीज और टेस्ट मैच में खेलेंगी, लेकिन टी20 टीम से दूर रहेंगी, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप की तैयारी करनी है।

ऑस्ट्रेलिया की कैप्टन एलिसा हीली ने कन्फर्म किया कि वह इस साल के टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम की तैयारी का हवाला देते हुए टी20आई सीरीज में भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगी, लेकिन पर्थ में वनडे सीरीज और एक डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की कैप्टन होंगी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर इयान हीली की भतीजी एलिसा हीली ने 2010 में 19 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम के लिए डेब्यू किया था। वे न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला इंटरनेशनल मैच खेली थीं। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए 162 टी20आई, 126 वनडे और 11 टेस्ट कैप के साथ अपने सफर को खत्म करने वाली हैं।

मेग लैनिंग के रिटायरमेंट के बाद एलिसा हीली 2023 में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की फुलटाइम कैप्टन बनी थीं। कप्तान के तौर पर उनकी सबसे बड़ी कामयाबी ये रही कि ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड में जाकर 16-0 से मल्टी-फॉर्मेट एशेज में इंग्लैंड का सूपड़ा साफ किया था। हीली की लीडरशिप में ऑस्ट्रेलिया की टीम 2024 विमेंस टी20 वर्ल्ड कप और 2025 विमेंस वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भी पहुंची। भारत के खिलाफ पिछले साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में हार मिली थी।

वुमेंस क्रिकेट में सबसे खतरनाक विकेटकीपर बैटर के तौर पर एलिसा हीली को जाना जाता है। वह आठ आईसीसी वर्ल्ड कप जीतने वाली टीमों (छह टी20 और दो वनडे) का हिस्सा रही हैं। हीली के नाम कई रिकॉर्ड भी दर्ज हैं, जिसमें वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे बड़ा निजी स्कोर और विमेंस टी20आई में किसी विकेटकीपर द्वारा सबसे ज्यादा खिलाड़ियों का शिकार करना शामिल है। वह 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में ऑस्ट्रेलिया की गोल्ड मेडल जीतने वाली टीम की मेंबर भी थीं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक, हीली ने कहा, यह मिली-जुली फीलिंग्स के साथ है कि आने वाली इंडिया सीरीज ऑस्ट्रेलिया के लिए मेरी आखिरी सीरीज होगी। मुझे अब भी अपने देश के लिए खेलना पसंद है, लेकिन मुझे लगता है कि इतने लंबे समय से मुझे जो कॉम्पिटिटिव एज मिला है, वह अब पहले जैसा नहीं रहा। टाइमिंग सही लग रही है। मैं इस साल T20 वर्ल्ड कप में नहीं जाऊंगी और टीम के पास तैयारी के लिए कम समय होने की वजह से, मैं इंडिया के खिलाफ T20 का हिस्सा नहीं रहूंगी, लेकिन मैं अपने कैलेंडर की सबसे बड़ी सीरीज़ में से एक में घर पर ODI और टेस्ट टीमों की कप्तानी करके अपना करियर खत्म करने के लिए एक्साइटेड हूं।

# जयंत व प्रखर के उम्दा प्रदर्शन से बड़वानी जिला सेमीफायनल में




**इंदौर।** आईडीसीए आईडीसीए द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर क्रिकेट स्पर्धा जो कि इंदौर में ही खेली जा रही के अंतर्गत यशवंत क्लब पर बडवानी एवं बुरहानपुर के मध्य एक दिवसीय मैच खेला गया जिसमें बडवानी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरो में 8 विकेट खोकर 283 रन बनाये । प्रखर काग ने 79 रन एवं विनि सोलंकी ने 49 रन बनाये। प्रतिक भावसार ने 3 विकेट लिये । जवाब में बुरहानपुर की टीम 27 ओवरो में सभी विकेट खोकर 139 रन ही बना पाई और यह मैच 142 रनों के अंतर से हार गई । जयंत गुर्जर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट एवं प्रखर काग ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट लिये। दो दिवसीय सेमीफायनल खंडवा एवं बडवानी जिले के मध्य खेला जाएगा।





### खरगोन जिला सेमीफायनल में

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच खरगोन जिला एवं अलीराजपुर के मध्य खेला गया जिसमें अलीराजपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 29 ओवरो में मात्र 88 रन बनाकर अपनी सभी विकेट खो दिये । प्रज्जवल जोशी ने 4 विकेट एवं साहिल शेख ने 3 विकेट लिये । जवाब में खरगाने जिले की टीम ने 20 ओवरो में 4 विकेट खोकर 92 रन बनाकर यह मैच 6 विकेट से आसानी से जीतकर सेमीफायनल में प्रवेश किया। दो दिवसीय सेमीफायनल कल से खरगोन एवं झाबुआ जिले के मध्य खेला जावेगा।

### रोमांचक जीत के साथ झाबुआ जिला सेमी फायनल में

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच झाबुआ जिला एवं धार जिले के मध्य खेला गया जिसमें धार जिले ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 23 ओवरो में सभी विकेट खोकर मात्र 93 रन बनाये । गौरव वर्मा ने सर्वाधिक 25 रन बनाये । अंशुल शर्मा ने 4 विकेट एवं यश अनासुने ने 3 विकेट लिये । जवाब में झाबुआ जिले की टीम ने 31 ओवरो में 9 विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाकर यह मैच 1 विकेट से रोमांचक अंदाज में जीत लिया । आदित्य सक्सैना ने 3 विकेट लिये।

# आईसीसी का इनकार, बांग्लादेश के लिए टी20 वर्ल्ड कप मैचों के वेन्यू नहीं बदले जाएंगे



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने सोमवार 12 जनवरी को साफ संकेत दिया कि वह भारत में होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबलों के स्थल को बदलने की बांग्लादेश की मांग को शायद स्वीकार नहीं करेगा। इसके पीछे का कारण ये है कि देश में सुरक्षा चिंताओं पर एक आकलन रिपोर्ट में खतरे की आशंका को 'कम' बताया गया है। आईसीसी के सूत्रों के अनुसार वैश्विक संचालन संस्था की जोखिम आकलन रिपोर्ट में सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में बांग्लादेश टीम के हिस्सा लेने पर किसी विशिष्ट या सीधे खतरे का जिक्र नहीं किया गया है। यह बांग्लादेश के खेल मंत्रालय के सलाहकार आसिफ नजरुल के इस दावे का भी खंडन करता है कि मुस्तफिजुर रहमान को टीम में शामिल करने से खतरे में बढ़ोतरी होगी। बांग्लादेश को भारत में लीग चरण के चार मैच खेलने हैं। आईसीसी के सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, यह स्पष्ट करना जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित सुरक्षा विशेषज्ञों द्वारा किए गए आईसीसी के स्वतंत्र जोखिम आकलनों से यह नतीजा नहीं निकलता कि बांग्लादेश भारत में अपने तय मैच नहीं खेल सकता। भारत में टूर्नामेंट के लिए कुल मिलाकर सुरक्षा जोखिम को कम से मध्यम आंका गया है जो कई बड़ी वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं के प्रोफाइनल के अनुरूप है।

सूत्र के अनुसार आकलन में भारत में किसी भी जगह बांग्लादेश के अधिकारियों के लिए भी कोई सीधा खतरा नहीं पाया गया। सूत्र ने कहा, पेशेवर सलाह के आधार पर कोलकाता और मुंबई में बांग्लादेश के तय मैचों से जुड़े जोखिम को कम से मध्यम माना गया है और ऐसे किसी जोखिम का कोई संकेत नहीं है जिससे स्थापित सुरक्षा योजना और बचाव उपायों के जरिए प्रभावी ढंग से नहीं निपटा जा सके।

इससे पहले ढाका में नजरुल ने सार्वजनिक बयान दिया था कि आईसीसी की रिपोर्ट में मुस्तफिजुर के लिए खतरे की बात कही गई थी जिन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों पर आसपास के घटनाक्रम के कारण आईपीएल से बाहर कर दिया गया था जिसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने टीम को वापस बुलाने की धमकी दी थी।

बीसीबी ने बाद में एक स्पष्टीकरण जारी किया जिसमें सोमवार को नजरुल द्वारा किए गए दावों से पीछे हटते हुए बात कही गई। बीसीबी ने कहा, युवा एवं खेल मंत्रालय के सलाहकार ने आज जिस बातचीत का जिक्र किया वह आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले बांग्लादेश टीम के लिए खतरे के आकलन से जुड़ी बीसीबी और आईसीसी के सुरक्षा विभाग के बीच हुई अंदरूनी बातचीत के बारे में थी।

उन्होंने कहा, यह बांग्लादेश के मुकाबलों को भारत से बाहर कराने के बीसीबी के आग्रह पर आईसीसी की तरफ से कोई औपचारिक जवाब नहीं था। हालांकि, बीसीबी ने दोहराया कि उसने 'टीम की सुरक्षा के हित में' बांग्लादेश के मुकाबलों को भारत से बाहर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है और वह इस मामले पर आईसीसी से आधिकारिक जवाब का इंतजार कर रहा है।

हालांकि, आईसीसी के सूत्र ने कहा कि मौजूदा कार्यक्रम में बदलाव होने की संभावना नहीं है। सूत्र ने कहा, आईसीसी को बीसीसीआई और संबंधित स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर किए जा रहे सुरक्षा इंतजामों पर पूरा भरोसा है जिनका बड़ी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं को सुरक्षित रूप से आयोजित करने का एक मजबूत और साबित ट्रैक रिकॉर्ड है। आईसीसी ने यह भी दोहराया कि उसकी सुरक्षा योजना एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। सूत्र ने आगे कहा, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड सहित भाग लेने वाले सदस्यों से इस प्रक्रिया के हिस्से के रूप में सलाह ली जा रही है और आईसस इंतजामों को और मजबूत करने के लिए रचनात्मक बातचीत और जवाबी प्रतिक्रिया के लिए तैयार है। मुस्तफिजुर को कोलकाता नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी से हटाए जाने के बाद नाराज बांग्लादेश सरकार ने देश में आईपीएल के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया था।

**सावधान-सावधान-सावधान-जाहिर सूचना**

**शहर इंदौर के ग्राम मगरखेडा तहसील सांवेर जिला इंदौर यहाँ पर स्थित कॉलोनी प्रणाम पार्क के 'E.W.S. भूखण्ड क्रमांक 27' बाबद**

इंदौर,

सर्वजन को हमारे पक्षकार **सुभराज डेव्लपर्स एल.एल.पी. तर्फे अधिकृत सुरेन्द्र जैन, पता- 46 क्लर्क कॉलोनी, इंदौर म.प्र.** द्वारा प्रदत्त जानकारी एवं उपलब्ध करवाए गये दस्तावेज के आधार पर उक्त वर्णित कॉलोनी के भूखंड EWS 27 बाबद आगाह, सावधान एवं सचेत किया जाता है कि म.प्र. शासन के नियम निति अनुसार EWS के भूखण्ड, भवन, फ्लेट का आवंटन किया जाता है तदअनुसार पंजीयन होता है। ऐसी संपत्ती ना तो संबंधित धारक अन्यत्र विक्रय कर सकते है ना ही हस्तांतरित। विधिक अनुमति 3 वर्ष पश्चात पारिवारिक आवश्यकता होने पर कलेक्टर एवं न्यायलय से प्राप्त करना होती है बिना अनुमति अंतरण पर कानूनी कार्यवाही होती है।

उक्त भूखण्ड EWS 27 **मुन्नालाल साहू पिता श्री आशाराम साहू निवासी-685, भवानी नगर, सांवेर रोड इंदौर म.प्र.** के नाम पर ई-रजिस्ट्री क्रमांक MP179092022A11247801 दिनांक 14.12.2022 के जरिये विक्रेता द्वारा पंजीबद्ध करवाया गया है। उक्त भूखण्ड बिना विधिक अनुमति के मुन्नालाल साहू द्वारा अन्यत्र विक्रित एवं अंतरित करने की कुचेष्ठा की जा रही है। संस्था द्वारा इस कारण से उक्त भूखण्ड का कब्जा प्राप्त कर लिया है तथा उक्त रजिस्ट्री को शून्य करने की विधिक कार्यवाही प्रारंभ की जा चुकी है।

अतः आमजन उक्त भूखण्ड बाबद तथा मुन्नालाल साहू से सतर्क एवं सावधान रहे। मुन्नालाल साहू पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज करवाया जा रहा है। यह सूचना जनहित में जारी। इंदौर दिनांक 13.01.2026

**( प्रमोद कुमार द्विवेदी ) अधिवक्ता**
**आ.53/2. मोती तबेला रजिस्ट्रार आफिस के सामने, इंदौर**
**नि. : 112, अंबिकापुरी एक्सटेंशन, इंदौर**
**मो.-98260-93634,91111-03634**

# धवन ने की सगाई, सोफी को बनाया हमसफर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज ओपनर शिखर धवन ने अपनी जिंदगी की एक नई और खूबसूरत पारी का आगाज कर दिया है। उन्होंने 12 जनवरी को अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड सोफी शाइन के साथ सगाई कर ली है। इस बड़ी खुशखबरी को धवन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक बेहद इमोशनल पोस्ट के जरिए साझा किया। उन्होंने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए लिखा, मुस्कान से शुरू हुआ यह सफर अब हमेशा के साथ में बदल गया है। हम अपने इस सफर के लिए प्यार और आशीर्वाद के आभारी हैं'। अगस्त 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद धवन अब अपनी व्यक्तिगत जिंदगी के इस नए अध्याय को लेकर बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं।

धवन और सोफी के बीच प्यार का यह अंकुर दुबई के एक रेस्टोरेंट में पहली मुलाकात के साथ फूटा था। साल 2023 में अपनी पहली पत्नी से तलाक होने के बाद धवन की मुलाकात सोफी से हुई, जो धीरे-धीरे गहरी दोस्ती और फिर प्यार में बदल गई। सोफी शाइन मूल रूप से आयरिश हैं और पिछले कुछ वर्षों से संयुक्त अरब अमीरात में रह रही हैं। पेशे से एक प्रोडक्ट कंसल्टेंट सोफी का वित्तीय सेवा क्षेत्र



में एक मजबूत पेशेवर अनुभव है और सोशल मीडिया पर भी उनकी बड़ी फैन फॉलोइंग है। इस जोड़े ने 1 मई, 2025 को अपने रिश्ते को सोशल मीडिया पर आधिकारिक किया था।

धवन द्वारा साझा की गई सगाई की तस्वीर में यह खास पल बेहद कलात्मक अंदाज में कैद है। तस्वीर में लाल फूलों से बना एक दिल के आकार का फ्रेम नजर आ रहा है, जिसके बीच में द बिगनिंग ऑफ फारेवर का संदेश लिखा है। इस फ्रेम के सामने कपल एक-दूसरे का हाथ थामे हुए हैं और सोफी की उंगली में चमकती हुई सगाई की अंगूठी साफ देखी जा सकती है। सूत्रों के अनुसार, यह जोड़ा पिछले करीब एक साल से साथ रह रहा था, जिससे उनके रिश्ते की गंभीरता का अंदाजा पहले ही लगाया जा रहा था। सगाई की खबर आते ही क्रिकेट जगत और प्रशंसकों की ओर से उन्हें बधाइयों मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है।

अब सबकी नजरें इस स्टार कपल की शादी पर टिकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स और अटकलों के अनुसार, शिखर धवन और सोफी शाइन इसी साल फरवरी 2026 में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। हालांकि अभी तक आधिकारिक तारीख की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि शादी की रस्में दिल्ली-एनसीआर में आयोजित की जा सकती हैं, जबकि मुख्य समारोह के लिए गोवा जैसे किसी स्थान को डेस्टिनेशन वेडिंग के तौर पर चुना जा सकता है।

# विराट की तारीफ में बोले श्रेयस अय्यर- जो भी कहा जाए वो कम है

**नई दिल्ली ।** श्रेयस अय्यर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे के हीरो किंग कोहली की शान में कसीदे पढ़े हैं। विराट कोहली ने वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में रविवार को खेले गए मैच में 93 रन की जबरदस्त पारी खेलकर भारत को 301 रनों का लक्ष्य हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। श्रेयस अय्यर ने 49 रन की पारी खेली। मैच के बाद अय्यर ने कहा कि उनकी पारी के बारे में जितनी भी बातें की जाएं वो कम है।



बीसीसीआई की तरफ से जारी वीडियो में विराट कोहली को लेकर अय्यर कहते हैं, हम उनकी पारी के बारे में जो भी कहते हैं, वो कम ही होगा। हम पिछले कई सालों से ये देखते आए हैं और वह इसे निरंतरता के साथ करते आए हैं। जिस तरह से वह स्ट्राइक रोटेट करते हैं, गेंदबाजों पर हावी होते हैं, वह महफिल लूटते हैं।

हम उनकी पारी के बारे में जो भी कहते हैं, वो कम ही होगा। हम पिछले कई सालों से ये देखते आए हैं और वह इसे निरंतरता के साथ करते आए हैं। जिस तरह से वह स्ट्राइक रोटेट करते हैं, गेंदबाजों पर हावी होते हैं, वह महफिल लूटते हैं।

चोट की वजह से लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले श्रेयस अय्यर अर्धशतक से सिर्फ 1 रन से चूक गए लेकिन टीम की जीत से वह उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, सीरीज की शानदार शुरुआत। अंतराल के बाद टीम में आना इस स्क्वाड का हिस्सा बनना अच्छा लगता है। इससे भी ज्यादा अच्छी बात हर किसी के साथ इस ड्रेसिंग रूम को शेयर करना है। मैं इसे कुछ समय से मिस कर रहा था लेकिन मैं खुश हूं कि मैं वापस आ गया हूं। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच की बात करें तो विराट कोहली ने 91 गेंदों में 93 रनों की शानदार पारी खेली। वह शतक से सिर्फ 7 रन से चूक गए लेकिन इस पारी के दौरान वह कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। कोहली अब कुमार संगकारा को पीछे छोड़कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर ही हैं। कोहली ने सबसे तेजी से 28 हजार रन बनाए हैं। अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम 557 मैच में 52.66 की औसत से 28,068 रन हैं। इस दौरान उन्होंने 84 शतक और 146 अर्धशतक जड़े हैं।

## सीसीआय की रोमांचक जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वाधान में एमवायसीसी द्वारा आयोजित एमवायसीसी ए ग्रेड क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत सीसीआय एवं जय गिरनारी के मध्य मैच खेला गया जिसमें सीसीअय ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 9 विकेट पर 222 रन बनकार जय गिरनारी के समक्ष 223 रनों का विजयी लक्ष्य रखा । अक्षय प्रजापत ने 72 रन एवं वरूण श्रीवास्तव ने 41 रन बनाये । आयुश बुन्देला ने 4 विकेट लिये । जवाब में जय गिरनारी क्लब 194 रनों पर सिमट गया और यह मैच 28 रनों के अंतर से हार गया । समर्थ दुबे ने 40 रन एवं कपिल यादव ने 38 रन बनाये । रेहान खान ने 4 विकेट लिये।

## दंगल का आयोजन कल

**इंदौर।** बल भीम व्यायाम शाला के सौजन्य से गोविंद सिंह एवं हरिहर पांडे की स्मृति में कांटा दंगल का आयोजन प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 14 जनवरी मकर संक्रांति को कुम्हार खाड़ी कुश्ती स्टेडियम पर किया जा रहा है। इसमें प्रमुख मुकाबला मोहित हरियाणा विरुद्ध बल्लू भिंड के मध्य होगा। इसके अतिरिक्त 15 चुनिंदा मुकाबले होंगे जिसमें कई पदक धारी पहलवान हिस्सा ले रहे हैं उचित पुरस्कार देकर खड़ी कुश्ती भी कराई जावेगी यह जानकारी दंगल संयोजक श्री दयाल यादव एकलव्य अवार्डी एवं आयुष श्रीकांत यादव द्वारा दी गई।

## राजपूताना वॉरियर्स ने जीता एरिना प्रीमियर लीग खिताब



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एरिना बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित और माइक्रो मिट्टी द्वारा प्रायोजित 'एरिना प्रीमियर लीग 2026' बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन हुआ। स्कीम नंबर 78, फेज-2 स्थित एरिना स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए फाइनल मुकाबले में राजपूताना वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए माइक्रो मिट्टी बुल्स को 4-1 से शिकस्त देकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

## वंशिका हार्डिया का सम्मान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर की वंशिका हार्डिया ने 45 किग्रा वजन में मध्य प्रदेश केसरी कुश्ती का खिताब जीता भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने वंशिका को सम्मानित किया। वंशिका रमेश मिस्त्री पहलवान से कुश्ती का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। संस्था से जुड़े विधायक मधु वर्मा, रमेश मिस्त्री पहलवान, कमल वर्मा, मुकेश शर्मा, नरेश वर्मा, महेश वर्मा, संतोष कुशवाह, राम शंकर, फूलचंद वर्मा, पवन वर्मा, महेश राठौर, अभिषेक पाठक, प्रीति मिस्त्री, सीमा राठौर, ममता वर्मा ने बधाई दी।

# आरसीबी फिर बनी नंबर वन टीम

**नई दिल्ली ।** वुमेंस प्रीमियर लीग यानी डब्ल्यूपीएल के 2026 के सीजन के 2-2 मैच सभी टीमों ने खेल लिए हैं। 5वां मैच डब्ल्यूपीएल के चौथे सीजन का सोमवार 12 जनवरी को खेला गया। इस मैच के बाद डब्ल्यूपीएल की पॉइंट्स टेबल कैसी है? ये जान लीजिए। 2024 की डब्ल्यूपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी RCB ने गुजरात जायंट्स से नंबर वन की कुर्सी छीन ली है। डब्ल्यूपीएल की पॉइंट्स टेबल में आरसीबी अब शीर्ष पर है, जबकि दूसरे नंबर पर गुजरात जायंट्स है, लेकिन अन्य टीमों का हाल बहुत अच्छा नहीं है। दो टीमों का तो अभी तक WPL 2026 की पॉइंट्स टेबल में खाता नहीं खुल पाया है।



वुमेंस प्रीमियर लीग की अंकतालिका में तीसरे नंबर पर मुंबई इंडियंस जरूर है, लेकिन हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम दो में से एक मैच जीत पाई है। वहीं, नंबर वन पर विराजमान आरसीबी के खाते में 4 अंक हैं, जिसने अपने दोनों मैच जीते हैं। दूसरे नंबर पर बैठी गुजरात की टीम भी अपने पहले दोनों मुकाबले जीत चुकी है। हालांकि, नेट रन रेट आरसीबी का इस समय बेहतर है। आरसीबी का नेट रन रेट प्लस में 1.964 है, जबकि गुजरात का नेट रन रेट पल्स में 0.350 का है। मुंबई का नेट रन रेट बेहतर है, क्योंकि उसने एक मैच आखिरी गेंद पर गंवाया था। एमआई मौजूदा समय की चैंपियन है और सबसे ज्यादा दो खिताब भी इसी टीम ने जीते हैं। वहीं, पॉइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स है, जो अपने पहले दोनों मैच गंवा चुकी है। आखिरी पायदान पर यूपी वॉरियर्स है। यूपी की टीम भी डब्ल्यूपीएल में इस सीजन अपना खाता नहीं खोल सकी है। नेट रन रेट यूपी वॉरियर्स का सबसे ज्यादा खराब है, जो आगे चलकर टीम के लिए चिंता पैदा कर सकता है। यूपी वॉरियर्स का नेट रन रेट -2.443 है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स का नेट रन रेट फिर भी -1.350 है, जिसे एक मैच से ही सुधारा जा सकता है।

## शेख और चौधरी ने जीता बैडमिंटन खिताब

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नीमच में आयोजित एमपी स्टेट सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 का मिक्स डबल्स अनस मोहम्मद शेख-शिवारी चौधरी ने जीता एमपी स्टेट बैडमिंटन चैम्पियनशिप का खिताब। फायनल में अनस-शिवानी ने यश रायकवार-भूमिका वर्मा की जोड़ी को कड़े मुकाबले में 16-21, 21-13 व 21-19 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले सेमीफायनल में अनस-शिवानी ने अमन रायकवार-आस्था शर्मा की जोड़ी को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 19-21, 23-21 व 21-14 से और क्वार्टर फायनल में आयुष सुरेले व सेरेना कोरी को 21-8 व 21-18 से हराया था।



# बस स्टैंड पर शराब के जखीरे के साथ धराया आदतन अपराधी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्रीपुरा पुलिस ने गंगवाल बस स्टैंड के पास एक बड़ी खेप पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस की 'हॉटस्पॉट चेकिंग' के दौरान एक शातिर बदमाश को उस समय रंगे हाथों दबोचा गया, जब वह सवा लाख से अधिक कीमत की अंग्रेजी शराब को शहर से बाहर भेजने की फिराक में बस का इंतज़ार कर रहा था।

थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव को गुप्त सूचना मिली थी कि बस स्टैंड के सुलभ कॉम्प्लेक्स के पास एक युवक संदिग्ध सामान के साथ खड़ा है। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए जाल बिछाया और दबिश दी। वहां मौजूद अमित राय (27) नामक युवक ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस घेराबंदी के आगे उसकी एक न चली। जब उसके पास रखे चार बड़े कार्टूनों को खोला गया, तो पुलिसकर्मी भी दंग रह गए।तलाशी के दौरान कार्टूनों से ओल्ड मोंक और मैकडोनल्ड जैसी नामी कंपनियों के कुल 1004 क्वार्टर बरामद हुए। करीब 180 लीटर मात्रा वाली इस अवैध शराब की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.80 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी अमित आदतन अपराधी है और पहले भी कई वारदातों को अंजाम दे चुका है।इस पूरी कार्रवाई में एसआई पवन कुमार नरवरे प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र पाठक, आरक्षक अरुण सिंह चौहान, राजेंद्र खराड़ी और पीयूष पटवा मुख्य भूमिका रही। पुलिस अब इस बात की कड़ियाँ जोड़ रही है कि शहर में शराब का यह 'सप्लायर' कौन है और अमित इसे कहाँ डिलीवर करने वाला था।

# थार सवार भोपाल का युवक ड्रग्स के साथ गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कनाड़िया थाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने फीनिक्स मॉल के समीप घेराबंदी कर एक लग्जरी थार गाड़ी को रोका और उसमें सवार भोपाल के एक युवक को अवैध ड्रग्स के साथ दबोच लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने हाई-प्रोफाइल नशा मानी जाने वाली एमडी ड्रग्स बरामद की है।



पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि भोपाल पासिंग की एक थार गाड़ी में नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है और वह कनाड़िया क्षेत्र के फीनिक्स मॉल के आसपास सक्रिय है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने मौके पर जाल बिछाया और संदिग्ध थार को रोककर तलाशी ली। गाड़ी में सवार युवक की पहचान आबान पिता मोहम्मद शकील, निवासी कोहिफिजा कॉलोनी भोपाल के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 5.15 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी यह ड्रग्स कहां से लाया था और इंदौर में इसकी सप्लाई किन लोगों को की जानी थी। पकड़ी गई थार गाड़ी को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। आरोपी से पूछताछ में नशे के नेटवर्क से जुड़े अन्य बड़े नामों के खुलासे की उम्मीद जताई जा रही है।

# इलाके में घूमता मिला जिलाबदर बदमाश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खजराना पुलिस ने गश्त के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है, जिसे पुलिस कमिश्नर के आदेश पर जिला बदर किया गया था। आरोपी प्रतिबंधित अवधि के बावजूद शहर में छुपकर घूम रहा था।



खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव के मुताबिक, पुलिस टीम देर रात करीब 9:50 बजे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त कर रही थी। इसी दौरान नाहरशाह वाली दरगाह मैदान के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोककर पूछताछ की और रिकॉर्ड खंगाला, तो उसकी पहचान रिजवान उर्फ मामा पिता रउफ अब्बासी निवासी आजाद नगर के रूप में हुई।जांच में पुष्टि हुई कि रिजवान के पूर्व में जिला बदर की कार्रवाई की गई थी और उसे इंदौर जिले सहित सीमावर्ती जिलों से बाहर रहने के आदेश दिए गए थे। आदेश का उल्लंघन कर शहर में प्रवेश करने पर पुलिस ने उसे तत्काल हिरासत में ले लिया। आरोपी के खिलाफ 'राज्य सुरक्षा अधिनियम' के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि वह शहर में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में तो नहीं आया था।

# 2 महीने से चकमा दे रहा बलात्कारी सॉफ्टवेयर इंजीनियर बेंगलुरु से गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



खजराना पुलिस ने महिला संबंधी गंभीर अपराध में फरार चल रहे एक शातिर आरोपी को कर्नाटक के बेंगलुरु से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और अपने तकनीकी ज्ञान का इस्तेमाल कर पिछले दो महीनों से पुलिस को लगातार छका रहा था। पुलिस ने आरोपी पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया था।

घटना 25 अक्टूबर की है, जब एक पीड़िता ने खजराना थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी शादाब पिता आजाद बेग निवासी खिजराबाद ने उसकी इच्छा के विरुद्ध कई बार बलात्कार किया। पुलिस ने तत्काल शादाब के खिलाफ बलात्कार का प्रकरण दर्ज किया था, लेकिन आरोपी गिरफ्तारी के डर से फरार हो गया था।खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव के नेतृत्व में गठित टीम के लिए आरोपी को पकड़ना एक बड़ी चुनौती थी। आरोपी सॉफ्टवेयर इंजीनियर होने के कारण तकनीकी रूप से काफी सक्षम था। वह अपनी पहचान छुपाने और लोकेशन बदलने के लिए लगातार तकनीकी संसाधनों का सहारा ले रहा था। फरारी के दौरान वह महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे अलग-अलग राज्यों के विभिन्न शहरों में छुपकर रह रहा था।

## औरंगाबाद से बेंगलुरु तक किया पीछा

मुखबिर तंत्र के जरिए पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी महाराष्ट्र के औरंगाबाद में छिपा है। पुलिस की एक टीम तुरंत औरंगाबाद रवाना हुई, लेकिन वहां पहुँचते ही तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि आरोपी की लोकेशन कर्नाटक के बेंगलुरु में है। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए बेंगलुरु में दबिश दी और घेराबंदी कर शादाब को धरदबोचा। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में इंदौर लाया गया है।



# महिला का पर्स छीनने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**इंदौर।** शहर में झपटमारी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत द्वारकापुरी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक महिला का पर्स छीनकर भागने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल, नकदी और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी भी बरामद कर ली गई है। द्वारकापुरी थाना प्रभारी की टीम ने झपटमारी की घटना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों को खंगाला। जांच के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी सागर पिपले निवासी द्वारकापुरी और सुनील उर्फ मटरु भार्गव निवासी ऋषि पैलेस को हिरासत में लिया। सघन पूछताछ में आरोपियों ने महिला से पर्स छीनने की वारदात कबूल कर ली।पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए दोनों आरोपी शातिर अपराधी हैं और उनके विरुद्ध पूर्व में भी चोरी और झपटमारी के कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे सुनसान रास्तों पर महिलाओं को निशाना बनाते थे। पुलिस ने इनके पास से लूटा गया पर्स, उसमें रखा मोबाइल फोन, नकदी और घटना के समय इस्तेमाल की गई बिना नंबर की स्कूटी जब्त कर ली है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

# शोरूम में घुसकर युवक को पेट में मारी गोली

इंदौर। देपालपुर थाना क्षेत्र में कल शाम सरेराह हुई एक वारदात ने सनसनी फैला दी। इंदौर रोड स्थित महिंद्रा शोरूम के भीतर घुसकर बदमाशों ने एक युवक पर जानलेवा हमला करते हुए गोली मार दी। गोली युवक के पेट में लगी है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना उस समय हुई जब युवक नई गाड़ी खरीदने शोरूम पहुंचा था। पुलिस ने इस मामले में 'विकास शूटर' सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, घायल युवक की पहचान ग्राम अहीरवास निवासी संजय गुर्जर के रूप में हुई है। कल शाम करीब 4 बजे संजय महिंद्रा शोरूम पर नई गाड़ी देखने गया था। तभी एक कार शोरूम के बाहर आकर रुकी, जिसमें से आरोपी विकास शूटर उतरा और सीधे अंदर घुसकर संजय पर पिस्टल तान दी। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, आरोपी ने संजय पर फायर कर दिया। गोली संजय के पेट में जा धंसी और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने साथियों के साथ कार से फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही देपालपुर थाना प्रभारी रणजीत सिंह बघेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल अस्पताल भिजवाया।



एसपी यांगचेन डोलकर भूटिया के मुताबिक, शुरुआती जांच में घायल और आरोपियों के बीच जमीनी विवाद की बात सामने आई है। पुलिस ने संजय के बयानों के आधार पर हरिओम डिंगर (एचडी ग्रुप), गोकुल परमार और विकास शूटर (इंदौर) व उनके अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस शोरूम और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावरों के भागने के रास्ते का सटीक पता लगाया जा सके। आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी हमलावर सलाखों के पीछे होंगे।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।